मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

# उत्तरशक्ति

हिन्दी दैनिक

मुंबई
वर्षः 8 अंक 20
शनिवार, 26 जुलाई 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

हर खबर निष्पक्षता के साथ

## राजस्थान के झालावाड़ में स्कूल की छत गिरने से 6 छात्रों की मौत, 15 से ज्यादा घायल

**झालावाड़, 25 जुलाई।** राजस्थान के झालावाड़ में शुक्रवार सुबह एक प्राथमिक विद्यालय की इमारत की छत गिरने से छह छात्रों की मौत हो गई और 15 से ज्यादा घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब बच्चे कक्षा में थे। पिपलोदी प्राथमिक विद्यालय में मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए बड़े पैमाने पर बचाव अभियान चलाया गया और पुलिस, स्थानीय निवासी और अधिकारी मौके पर पहुँच गए। 20 साल पुराने इस स्कूल भवन की छत पत्थर के स्लैब से बनी थी, जिससे इमारत गिरने का असर और भी ज्यादा हो गया।

यह घटना जिले के मनोहरथाना ब्लॉक के पीपलोदी सरकारी स्कूल में उस समय हुई जब बच्चे सुबह की प्रार्थना के लिए इकट्ठा हो रहे थे। पुलिस को सुबह करीब 7:45 बजे सूचना दी गई। झालावाड़ के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया, 4 बच्चों की मौत हो गई है और 15 अन्य घायल हो गए हैं। दस बच्चों को झालावाड़ रेफर किया गया है, जिनमें से तीन से चार की हालत गंभीर है। इसके बाद दो और बच्चों के मरने की खबरे आयी इससे मरने वाले बच्चों की संख्या 6 हो गयी। पुलिस ने कहा कि बच्चों को शिक्षकों और ग्रामीणों की मदद से मलबे से बाहर निकाला गया।



मनोहरथाना के वृत्ताधिकारी नंदकिशोर ने बताया कि गंभीर रूप से घायल दो छात्रों को विशेष स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।

डांगीपुरा थाने के प्रभारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि पिपलोदी गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय में कम से कम 27 छात्र पढ़ रहे थे। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने घटना में हुई मौतों पर शोक व्यक्त किया। शर्मा ने कहा, घायल बच्चों के समुचित उपचार सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा ईश्वर दिवंगत दिव्य आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति दें। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि इस घटना की एक उच्च स्तरीय जांच की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को घटनास्थल पर पहुंचने और बच्चों का उचित इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, झालावाड़ के पिपलोदी गांव में एक स्कूल की छत गिरने से एक बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी। मैंने ज़िला कलेक्टर और शिक्षा अधिकारी को इलाज के सभी प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर और अन्य अधिकारी मौके पर पहुँच गए हैं। राजभवन के प्रवक्ता के अनुसार राज्यपाल बागडे ने हादसे पर शोक जताते हुए ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हादसे पर शोक जताते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, झालावाड़ के मनोहरथाना में एक सरकारी स्कूल की इमारत गिरने से कई बच्चों एवं शिक्षकों के हताहत होने की सूचना मिल रही है।

## जौनपुर में नदी में नहाते समय डूबने से दो किशोरों की मौत



**जौनपुर, 25 जुलाई।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में हनुमान घाट पर गोमती नदी में नहाते समय दो लड़कों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) देवेश कुमार ने बताया कि हर्षित कुमार माली (15) और उसका दोस्त जुहैब (15) नदी में नहाने गए थे तभी वे गहरे पानी में चले जाने की वजह से डूब गए। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। उनके कपड़े नदी के घाट पर पाये जाने पर उनके डूबने की आशंका पैदा हुई।

सीओ ने बताया कि मामले की सूचना मिलने पर पुलिस और परिजनों ने बृहस्पतिवार तड़के तलाशी अभियान शुरू किया। हर्षित का शव सुबह जफराबाद थाना क्षेत्र के बशीरपुर के पास बरामद किया गया। वहीं, जुहैब का शव दोपहर में कोतवाली क्षेत्र के चाचकपुर के पास मिला। कुमार ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## मणिपुर में छह महीने के लिए बढ़ा राष्ट्रपति शासन

**मणिपुर, 25 जुलाई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लोकसभा में पेश किए गए एक प्रस्ताव के बाद, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की अवधि छह महीने के लिए बढ़ा दी गई है। यह विस्तार 13 अगस्त, 2025 से प्रभावी होगा। आधिकारिक सूचना के अनुसार, यह सदन राष्ट्रपति द्वारा संविधान के अनुच्छेद 356 के अंतर्गत मणिपुर के संबंध में 13 फरवरी, 2025 को जारी की गई उद्घोषणा को 13 अगस्त, 2025 से छह महीने की अतिरिक्त अवधि के लिए लागू रखने का अनुमोदन करता है।



मणिपुर में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था, पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के इस्तीफा देने के तुरंत बाद, जिसका मुख्य कारण मैतेई समुदाय से संबंधित साथी भाजपा विधायकों द्वारा बढ़ते राजनीतिक दबाव था, जो उनके नेतृत्व का विरोध कर रहे थे। राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाने का यह कदम सत्तारूढ़ एनडीए के मीतेई और नागा विधायकों द्वारा राज्य में निर्वाचित सरकार की बहाली के लिए लगातार किए जा रहे प्रयासों के बीच उठाया गया है।

संविधान के अनुच्छेद 356(3) के तहत, राष्ट्रपति शासन राज्यपाल के कार्यालय के माध्यम से लागू किया जाता है, जो आमतौर पर छह महीने तक चलता है और संसद की मंजूरी से हर छह महीने में अधिकतम तीन साल की अवधि के लिए नवीनीकृत किया जा सकता है। इस बीच, 3 मई, 2023 को कुकी-जो और मैतेई समुदायों के बीच छिड़े जातीय संघर्ष में 250 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और 60,000 से ज्यादा लोगों को अपने घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। एक अलग घटना में, सुरक्षा बलों ने गुरुवार को इंफाल पश्चिम, बिष्णुपुर, तेंगनौपाल और चंदेल ज़िलों से विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के आठ आतंकवादियों को गिरफ्तार किया।

## नरेंद्र मोदी झूठों के सरदार, देश को कर रहे गुमराहः मल्लिकार्जुन खड़गे

**नई दिल्ली, 25 जुलाई।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में कांग्रेस के ओबीसी नेतृत्व भागीदारी न्याय सम्मेलन में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हमें अधिकार के लिए लड़ना इसलिए जरूरी है, क्योंकि मांगने पर भी हमें अधिकार नहीं दिया जाएगा। हमको कभी संघर्ष करना पड़ता है, कभी ताकत दिखानी होती है, चुनाव के वक्त अपने उसूलों पर चलने वाले को चुनकर लाना होता है। उन्होंने कहा कि OBC की आवाज तभी सुनी जाएगी, जब OBC के लोग चुनकर आएंगे।



खड़गे ने दावा किया कि मोदी जी खुद को OBC बोलते हैं, पहले वो अपर कास्ट में थे, लेकिन मुख्यमंत्री बनने के बाद अपनी कम्यूनिटी को OBC लिस्ट में डाल दिया। फिर उन्होंने अपनी चालबाजी शुरू की, डइउ के लोगों के बीच बोलते हैं कि 'भाईयों-बहनों मैं पिछड़ा वर्ग का हूं, मुझे सताया जाता है।' लेकिन.. अब वो सबको सता रहे हैं, और अब ये नहीं चलेगा। उन्होंने तीखा तंज सकते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी 'झूठों के सरदार' हैं। झूठ बोलना ही उनका काम है। उन्होंने देश से झूठ बोला कि हर साल युवाओं को 2 करोड़ नौकरी दूंगा, विदेश से कालाधन लाऊंगा, सबको 15-15 लाख दूंगा, किसानों को MSP दूंगा और बैकवर्ड क्लास की आमदनी बढ़ा दूंगा।

कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि नरेंद्र मोदी संसद तक में झूठ बोलते हैं।

इसलिए हमें लोगों को समझाना चाहिए कि नरेंद्र मोदी देश को गुमराह कर रहे हैं और झूठ बोलने वाले प्रधानमंत्री देश, समाज का भला नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज को तीन चीजों की जरूरत है। विचार (शिक्षा), मनुष्य बलऔर आर्थिक बल। इन तीन चीजों में से किसी के पास एक भी नहीं है तो आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि RSS-BJP के लोग जहर बांटते हैं। ये लोगों को आपस में बांटने का काम करते हैं, लेकिन हमें एकजुट रहना है। हिम्मत के साथ कांग्रेस पार्टी का साथ देना है। जिस तरह से आजादी के समय लोगों ने साथ दिया था, वैसे ही अगर आप लोगों ने हमारा साथ दिया तो कांग्रेस पार्टी को कोई हिला नहीं सकता।

उन्होंने कहा कि OBC की जाति जनगणना होनी चाहिए- ये कहने की हिम्मत सिर्फ राहुल गांधी जी ने दिखाई। इसलिए हम सभी को राहुल गांधी जी का साथ देना है। राहुल गांधी जी पिछड़ों-वंचितों का साथ देते हैं, उनका समर्थन करते हैं, उनके हक के लिए लड़तें हैं- ऐसे में आपको उनका साथ देना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने SC, ST, OBC और महिलाओं के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। नरेंद्र मोदी सिर्फ तकरीर करते रहते हैं। यहां तक कि वो खुद कहते हैं कि मैं नॉन-बायोलॉजिकल हूं, मुझे भगवान ने भेजा है।

## केंद्रीय विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों को लेकर केंद्र पर बरसे राहुल गांधी

**नई दिल्ली, 25 जुलाई।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) राहुल गांधी ने शुक्रवार सुबह केंद्रीय विश्वविद्यालयों में ओबीसी श्रेणी के तहत प्रोफेसरों के लगभग 80 प्रतिशत पद खाली रहने पर नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा और मांग की कि रिक्त पदों को तुरंत भरा जाए। गांधी ने एक्स पर कहा कि बहुजनों को उनके अधिकार मिलने चाहिए, मनुवादी बहिष्कार नहीं। गांधी ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणी के तहत प्रोफेसर के 83 प्रतिशत पद, उसके बाद ओबीसी श्रेणी के तहत 80 प्रतिशत पद जानबूझकर खाली रखे गए हैं। उन्होंने आगे कहा, एससी (अनुसूचित जाति) के लिए 64 प्रतिशत (प्रोफेसर पद) जानबूझकर खाली रखे गए हैं।

उन्होंने आगे कहा कि इसी तरह, एसटीः 65 प्रतिशत, ओबीसीः 69 प्रतिशत, एससीः 51 प्रतिशत के एसोसिएट प्रोफेसर पद भी खाली हैं। राहुल गांधी ने तर्क दिया कि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार द्वारा राज्यसभा में प्रस्तुत आंकड़े बहुजनों के वंचना और संस्थागत मनुवाद का ठोस सबूत हैं। बहुजनों को शिक्षा से दूर रखने की साजिश का आरोप लगाते हुए, गांधी ने हाशिए पर पड़े समुदायों और उनके मुद्दों को सार्वजनिक चचाओं से बाहर रखने की बात कही।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह महज लापरवाही नहीं, बल्कि बहुजनों को शिक्षा, शोध और नीति-निर्माण से दूर रखने की एक सुनियोजित साज़िश है।



विश्वविद्यालयों में बहुजनों की अपर्याप्त भागीदारी के कारण, हाशिए पर पड़े समुदायों के मुद्दों को जानबूझकर शोध और विमर्श से बाहर रखा जाता है। गांधी ने आगे कहा, एनएफएस (नॉट फाउंड सूटेबल) के नाम पर, मनुवादी मानसिकता के तहत हजारों योग्य एससी, एसटी, ओबीसी उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित किया जा रहा है, और सरकार कोई जवाबदेही लेने को तैयार नहीं है।

इस बीच, शुक्रवार को राज्यसभा में कई विपक्षी नेताओं ने नियम 267 के तहत नोटिस पेश किए, जिसमें बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करने की मांग की गई। कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी और अखिलेश प्रसाद सिंह ने शुक्रवार सुबह राज्यसभा में नियम 267 के तहत नोटिस पेश किए, जिसमें इस मामले पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए एसआईआर प्रक्रिया पर चर्चा के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करने की मांग की गई। कांग्रेस के एक अन्य सांसद अशोक सिंह ने बिहार एसआईआर प्रक्रिया पर स्पष्टता और चर्चा की मांग करते हुए एक अलग नोटिस पेश किया।







## बंगाली भाषा विवाद पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बोली, एक और भाषा आंदोलन की जरूरत

**कोलकता, 25 जुलाई।** बंगाली भाषा को लेकर उठे विवाद के बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक और भाषा आंदोलन का आह्वान किया और आरोप लगाया कि कई स्थानों पर बंगाली बोलने के लिए लोगों को परेशान किया जा रहा है। 'महानायक सम्मान' पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि सभी को जागृत करने के लिए एक और भाषा आंदोलन की आवश्यकता है। कई जगहों पर बंगाली बोलने के कारण लोगों को परेशान किया जा रहा है। बंगाली दुनिया में पाँचवीं सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है और एशिया में दूसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। लगभग 30 करोड़ लोग बंगाली बोलते हैं और आज बंगाली बोलने वालों को जेल भेजा जा रहा है। व्यापक जनभागीदारी का आह्वान करते हुए, उन्होंने जागरूकता बढ़ाने के लिए सभी स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया।



आर के मीडिया
हिन्दी दैनिक न्यूज पेपर, साप्ताहिक न्यूज पेपर, हिन्दी मासिक पत्रिका का पेज बनबाने के लिए
सम्पर्क करेः 9199355950



# भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौताः एक क्रांतिकारी कदम


-ललित गर्ग

भारत और ब्रिटेन के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की अंतिम स्वीकृति ने न केवल वैश्विक व्यापार जगत में हलचल मचा दी है, बल्कि भारत के आर्थिक भविष्य को भी एक नई दिशा दी है। दोनों देशों के बीच आखिरकार फ्री ट्रेड एग्रीमेंट होने का फायदा दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को मिलेगा। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से संरक्षणवाद बढ़ा है, उसमें ऐसे व्यापार समझौतों की भूमिका और भी अहम हो जाता है। इस समझौते से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल अमेरिका बल्कि अन्य देशों को भी भारत की मजबूत होती स्थिति का आइना दिखाया है, जो उनकी दूरगामी एवं कूटनीतिज्ञ राजनीति का द्योतक है। इस समझौते को मौजूदा दौर में दुनियाभर में जारी बहुस्तरीय तनाव, दबाव एवं दादागिरी की राजनीति के बीच एक बेहतर एवं सूझबूझभरी कूटनीतिक कामयाबी के तौर पर देखा जा सकता है। यह छिपा नहीं है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने शुल्क के मोर्चे पर एक बड़ा द्वंद्व एवं संकट खड़ा कर दिया था। लेकिन भारत ने इस द्वंद्व के बीच झुकने की बजाय नये रास्ते खोजे हैं। निश्चित ही यह व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) महज एक कागजी करार नहीं, बल्कि ‘विकसित भारत 2047’ के स्वप्न को मूर्त रूप देने की ठोस रणनीति है। जहां एक ओर यह समझौता 99 प्रतिशत टैरिफ को समाप्त कर वस्त्र, चमड़ा, समुद्री उत्पाद, कृषि व रत्न-आभूषण जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को नई उड़ान देगा, वहीं दूसरी ओर छोटे उद्यमों, मछुआरों और किसानों को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाएगा। भारत के ग्रामीण अंचलों से हल्दी, दाल, अचार जैसे उत्पाद अब ब्रिटिश बाजारों में अपनी महक फैलाएंगे।

मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में जिस प्रकार से गुणवत्ता, प्रतिस्पर्धा और पारदर्शिता पर जोर दिया, उसी का परिणाम है यह करार। इससे यह भी सिद्ध हुआ कि अब भारत केवल बाजार नहीं, बल्कि एक निर्णायक शक्ति बन चुका है, जो अपने हितों की रक्षा करते हुए विश्व से संवाद करता है। यह समझौता सिर्फ व्यापार तक सीमित नहीं है, यह सेवा क्षेत्र, शिक्षा, वित्तीय सेवाएं, निवेश, सामाजिक सुरक्षा, और दोहरे कराधान जैसे क्षेत्रों में भी भारतीयों के लिए नए दरवाजे खोलता है। खासकर ब्रिटेन में काम कर रहे भारतीय पेशेवरों के लिए यह राहत का संदेश है, जिन्हें सामाजिक सुरक्षा अंशदान से छूट मिल सकेगी। यह समझौता इसलिये भी महत्वपूर्ण है कि अब तक अमेरिका की ओर से पैदा किये गये किसी दबाव के आगे भारत ने झुकना स्वीकार नहीं किया और उसने भारत-ब्रिटेन जैसे नये विकल्पों को खड़ा करने और पुराने को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाये हैं।

ब्रिटेन के साथ यह एफटीए एक उदाहरण है कि कैसे भारत न्यायसंगत और समावेशी व्यापार समझौते कर सकता है, जिसमें न तो अपने किसानों, न ही डेयरी क्षेत्र या छोटे उत्पादकों को नुकसान होता है। भारत ने संवेदनशील क्षेत्रों को समझौते से बाहर रखकर आत्मनिर्भरता और खाद्य सुरक्षा की अपनी नीति को बरकरार रखा है। वर्तमान में भारत का ब्रिटेन से व्यापार लगभग 21 अरब डॉलर है, जो इस समझौते के बाद 2030 तक 120 अरब डॉलर तक पहुँचने की संभावना रखता है। यह न केवल विदेशी निवेश को आकर्षित करेगा, बल्कि भारत की मैन्युफैक्चरिंग हिस्सेदारी को 17 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक बढ़ाने में सहायक होगा। इस करार के साथ, मोदी सरकार ने साबित कर दिया है कि जब नियोजित दृष्टिकोण, वैश्विक प्रतिष्ठा और साहसिक निर्णय साथ चलते हैं, तो भारत जैसे विकासशील देश भी वैश्विक मंच पर निर्णायक बन सकते हैं।

भारत और ब्रिटेन के बीच सीईटीए के अस्तित्व में आने से एक नये आर्थिक सूर्य का उदय हुआ है, जिससे रोजगार सहित अनेक उन्नत राष्ट्र-निर्माण के अवसर सृजित होंगे। सीईटीए की संकल्पना आस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात और कुछ अन्य देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों के अनुरूप ही है। यह मोदी सरकार की भारत को 2047 तक विकसित बनाने की संकल्पना से जुड़ी रणनीति का एक हिस्सा है। मोदी सरकार ने भारत को तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने के अपने संकल्प में नये पंखों को जोड़ते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक विश्वास को फिर से स्थापित करना तथा इसे भारतीय और विदेशी निवेशकों के लिए एक आकर्षक बनाने के लिए एक दृढ़ रणनीति अपनाई है। विकसित देशों के साथ एफटीए इस रणनीति के केंद्र में है। ऐसे समझौते व्यापार नीतियों से जुड़ी अनिश्चितताओं को दूर करके निवेशकों का विश्वास बढ़ाते हैं। पिछली यूपीए सरकार ने भारत के व्यापारिक दरवाजे प्रतिस्पर्धात्मक देशों के लिए खोलकर भारतीय व्यवसायों को खतरे में डालने वाला रवैया अपनाया था, लेकिन अतीत की उन बड़ी भूलों को सुधारा जा रहा है, जो नये भारत-विकसित भारत का आधार है।

मोदी के मेड इन इंडिया संकल्प की दृष्टि से यह डील बेहद अहम है। इससे करीब 99 प्रतिशत निर्यात यानी यहां से ब्रिटेन जाने वाली चीजों पर टैरिफ से राहत मिलेगी। इसी तरह ब्रिटेन से आनी वाली चीजें भारत में सस्ती मिल सकेंगी। जिससे आम लोगों को अधिक गुणवत्ता वाला सामान सस्ते में सुलभ होगा और जीवनस्तर में व्यापक सुधार होगा। डील से एक बड़ा फायदा होगा टेक्सटाइल्स, लेदर और इलेक्ट्रॉनिक्स को। इनसे मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा। अभी ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग में भारत की हिस्सेदारी केवल 2.8 प्रतिशत है, जबकि चीन की 28.8 प्रतिशत। इसी तरह, देश की जीडीपी में मैन्युफैक्चरिंग का योगदान 17 प्रतिशत है और सरकार इसे 25 प्रतिशत तक बढ़ाना चाहती है। इस तरह की डील से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय, दोनों स्तर पर प्रदर्शन में सुधार होगा। कृषि सेक्टर को भी उन्नत बनाने एवं अधिक उपाद की दृष्टि से व्यापक फायदा होगा। इसके लिए इस समय भारत की बातचीत अमेरिका से भी चल रही है। लेकिन वहां कृषि और डेयरी प्रॉडक्ट्स को लेकर रस्साकशी है। अमेरिका इन दोनों क्षेत्रों में खुली छूट चाहता है, जबकि अपने लोगों के हितों को देखते हुए भारत ऐसा नहीं कर सकता। ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार होने से भारत के कृषि उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। क्रांतिकारी सुधारों, नवाचार, तकनीक, कारोबारी सुगमता और प्रधानमंत्री के वैश्विक व्यक्तित्व ने भारत को एक आर्थिक सुपर के रूप में उभारने में मदद की है, जहां विपुल संभावनाएं हैं। आज दुनिया भारत की ओर आशाभरी नजरों से देख रही है और भारत की अद्भुत विकासगाथा का हिस्सा बनना चाहती है। प्रमुख देशों द्वारा एक के बाद एक एफटीए इसी मान्यता की पुष्टि करते हैं। ब्रिटेन के साथ यह व्यापार समझौता बाजार पहुंच और प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के एफटीए वस्तुओं और सेवाओं से कहीं आगे तक सांस्कृतिक आदान-प्रदान एवं नागरिक हितों तक जाते हैं। आस्ट्रेलियाई एफटीए के साथ भारत ने दोहरे कराधान का मुद्दा सुलझाया, जो आईटी कंपनियों की परेशानी बढ़ा रहा था। ब्रिटेन के साथ समझौते का एक अहम बिंदु दोहरे अंशदान से जुड़ा है। यह ब्रिटेन में नियोक्ताओं, अस्थायी भारतीय कर्मियों को तीन वर्षों के लिए सामाजिक सुरक्षा अंशदान से छूट देता है। इससे भारतीय सेवा प्रदाताओं की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। ब्रिटेन में रहने वाले भारतीयों को अब अनेक सुविधाएं मिलेंगी।

साल 2014 के बाद से भारत ने मॉरिशस, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और ईएफटीए के साथ फ्री व्यापारिक समझौते किये हैं। ईएफटीए का अर्थ है यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ। यह एक क्षेत्रीय व्यापार संगठन और मुक्त व्यापार क्षेत्र है जिसमें चार यूरोपीय देश शामिल हैं- आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड। यूरोप से बातचीत जारी है, जिसे जल्द से जल्द अंजाम तक पहुंचाया जाना चाहिए। अर्थ-व्यवस्था के मोर्चे पर आने वाली चुनौतियों से निपटने में ऐसे समझौते सहायक होंगे। इस बीच, अगर भारत की अमेरिका के साथ अच्छी व्यापार डील होती है तो उससे भी विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की ओर कदम बढ़ेंगे। लेकिन ब्रिटेन से समझौता केवल व्यापार नहीं, भविष्य का निर्माण है। यह कृषि को समृद्धि, उद्योग को विस्तार, युवाओं को अवसर, और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर सशक्त रास्ता देता है। निश्चित ही जहां बाजार बनते हैं अवसरों के, वहीं नीति बनती है भविष्य की नींव। भारत और ब्रिटेन के इस करार से विश्व सुनेगा अब भारत की गूंज!

# पीएम मोदी मालदीव के 60 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति


अशोक भाटिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर मालदीव पहुंच गए हैं। यह उनकी तीसरी मालदीव यात्रा होगी। यहां वे मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के न्योते पर गये हैं।मोदी 26 जुलाई यानी आज मालदीव के 60वें स्वतंत्रता समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो रहे हैं । इस दौरान भारत और मालदीव के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 60 साल पूरे होने का जश्न भी मनाया जाएगा।मोहम्मद मुइज्जू नवंबर 2023 में राष्ट्रपति बने थे, उसके बाद से किसी विदेशी नेता की पहली आधिकारिक यात्रा है। इस दौरान डिफेंस और रणनीतिक क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर होंगे।यह समझौते भारत की ₹ नेबरहुड फर्स्ट₹ पॉलिसी के तहत मालदीव के साथ विकास साझेदारी को और मजबूत करेंगे। मोदी इस यात्रा के दौरान मोदी भारत के सहयोग से तैयार कुछ प्रोजेक्ट का उद्घाटन भी कर सकते हैं। ज्ञात हो कि जब मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइजजू दो साल पहले 'इंडिया आउट' के खुले अभियान के साथ सत्ता में आए, तो कई लोगों ने भविष्यवाणी की थी कि भारत अपने भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के लिए अपने निकटतम समुद्री भागीदारों में से एक को खो देगा। भारत की कुछ प्रमुख समाचार एजेंसियों ने लगभग पुष्टि की थी कि भारत ने मालदीव में अपना विश्वसनीय आधार खो दिया है। मालदीव और भारत के बीच साझेदारी के भविष्य के बारे में चिंताएं थीं। इसे 'अप कॉल' कहते हुए, इसने कहा कि भारत को अपना दृष्टिकोण बदलने की जरूरत है। विदेशी प्रकाशन बहुत पीछे नहीं थे। उन्होंने कहा कि यह भारत के रणनीतिक आत्म-संदेह का प्रतिबिंब था। हालांकि, भारत दृढ़ रहा और उसने वही किया जो महत्वपूर्ण था। जल्दबाजी में कोई निर्णय नहीं। स्थिर। संयमित कदम उठाए। यह वह नहीं था जो लोग सोचते थे। पीएम मोदी मुइज्जू को बधाई देने वाले पहले विश्व नेता थे। समय के साथ, दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत और मजबूत होते गए। इस हफ्ते, प्रधान मंत्री मोदी राष्ट्रपति मुइज्जू के नेतृत्व में मालदीव का दौरा करने वाले पहले विदेशी नेता बन जाएंगे। यह तथ्य कि उन्हें मालदीव के 60 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है, प्रतीकात्मक है। इससे पता चलता है कि 'इंडिया आउट' घोषणा के बाद से दोनों देशों के बीच संबंध कितने आगे बढ़ गए हैं। राष्ट्रपति मुइज्जू के पदभार संभालने के बाद से भारत ने मालदीव को दिखा दिया है कि वह एक मित्र है जो जरूरत के समय उपयोगी हो सकता है, चाहे वह वित्तीय सहायता हो, क्षमता विकास सहायता हो या ऐसे अन्य प्रयास। भारत हमेशा मालदीव के साथ खड़ा रहा है। भारत ने आपातकालीन वित्तीय सहायता और मुद्रा स्वैप में 400 मिलियन डॉलर के हिस्से के रूप में 3,000 करोड़ रुपये प्रदान किए। मालदीव में नौका सेवाओं का विस्तार करने के लिए तेरह नए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। डृ रक्षा, समुद्री और क्षमता विकास के क्षेत्रों में निरंतर सहयोग। मजबूत व्यापार और निवेश ने 548 मिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है और भारतीय व्यवसाय और पर्यटक मालदीव के तटों को व्यस्त रख रहे हैं।

समावेशी आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी की संयुक्त दृष्टि के साथ, भारत ने भारतीय रक्षा अकादमियों में मालदीव के तट रक्षक और रक्षा बल के अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने का अवसर प्रदान किया है। प्रधान मंत्री की यात्रा से पहले, राष्ट्रपति मुइजजू ने पिछले साल अक्टूबर में भारत का दौरा किया था, जो नवंबर 2023 में पद संभालने के बाद उनकी पहली विदेश यात्रा थी।भारत मालदीव के सामाजिक-आर्थिक और बुनियादी ढांचे के विकास में एक महत्वपूर्ण भागीदार है और जरूरत के समय मालदीव के साथ खड़ा रहा है। यह भारत की कुशल कूटनीति की एकमात्र कहानी नहीं है। श्रीलंका को देखिए। जब राष्ट्रपति अनुराकुमार दिसानायके ने पदभार संभाला, तो कई आलोचकों को डर था कि भारत-श्रीलंका संबंध भी बिगड़ जाएंगे। कई रिपोर्टों में दावा किया गया है कि भारत को श्रीलंका के बाएं मोड़ के बारे में चिंतित होना चाहिए। विदेशी प्रकाशनों ने दावा किया कि श्रीलंका के निर्वाचित राष्ट्रपति भारत से दूरी बना लेंगे। समय पर समर्थन और रणनीतिक संयम ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि यह दृष्टिकोण सकारात्मक परिणाम पैदा करता है। विश्वास के एक शक्तिशाली प्रतीक के रूप में, प्रधान मंत्री मोदी ने इस वर्ष की शुरूआत में श्रीलंका की राजनीतिक यात्रा की और नए नेतृत्व के तहत स्वागत किए जाने वाले पहले विदेशी राज्य प्रमुख बने। सद्भावना के अभूतपूर्व प्रतीक के रूप में, राष्ट्रपति दिसानायके, प्रधान मंत्री मोदी की पूरी यात्रा के दौरान, उन्होंने व्यक्तिगत रूप से औपचारिक स्वागत से लेकर संयुक्त सार्वजनिक कार्यक्रमों और प्रतिष्ठित सांस्कृतिक स्थलों तक भाग लिया। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को एक विदेशी नागरिक के लिए श्रीलंका के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'मित्र विभूषण' से सम्मानित किया गया। इस यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति दिसानायके ने सार्वजनिक रूप से भारत को श्रीलंका के पहले उत्तरदाता और दोनों देशों के बीच मजबूत पारस्परिक पारस्परिकता के रूप में संदर्भित किया। रेखांकित विश्वास।

चाहे वह संकट का सबसे पहले जवाब देना हो, दूसरों के पीछे हटने पर एक विश्वसनीय पड़ोसी के रूप में खड़ा होना हो, हिंद महासागर में भारत की कार्रवाई खुद को साबित करती है। भारत का व्यवहार अपनी आंतरिक नीतियों में बदलाव के बाद भी अपनी साझेदारी को लचीला रखता है। यह प्रधान मंत्री की विदेश नीति की गतिशील और अनुकूली प्रकृति पर प्रकाश डालता है। यह वैश्विक कूटनीति के बदलते रुझानों के अनुरूप है। प्रधान मंत्री रणनीति और उद्देश्य की स्पष्ट भावना के साथ काम करते हैं। जबकि कई लोगों का मानना है कि वे उनके दृष्टिकोण को समझते हैं, उनकी नेतृत्व शैली के कुछ गहरे और अधिक सूक्ष्म स्तर हैं जो अक्सर जनता द्वारा ध्यान नहीं दिए जाते हैं। प्रधान मंत्री मोदी की विदेश नीति की एक अनूठी विशेषता यह है कि जब अन्य देश विफल होते हैं या प्रतिक्रिया देने से इनकार करते हैं, तो रणनीतिक संयम और मापा विचारशील दृष्टिकोण। मोदी अक्सर किसी भी देश की मदद के लिए दौड़ते हैं। चाहे वह टीके हों, मानवीय सहायता हो, क्षमता विकास हो या वित्तीय सहायता हो, मोदी एक ऐसे नेता हैं जो जरूरतमंद देशों के साथ खड़े रहते हैं। यह निरंतरता सुनिश्चित करती है कि भारत के द्विपक्षीय संबंध स्थिर और रचनात्मक बने रहेंगे, भले ही विदेशों में राजनीतिक नेतृत्व में बदलाव हो। परिणामस्वरूप, सिद्धांत और व्यावहारिकता को संतुलित करने वाली विदेश नीति के कारण भारत की ताकत विश्व स्तर पर लगातार बढ़ रही है। मालदीव के साथ रक्षा, समुद्री और क्षमता निर्माण सहयोग भी जारी रहा है, जो किसी अन्य भागीदार के मुकाबले बेजोड़ है। भारत का मजबूत व्यापार और निवेश 54.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है, जिसमें भारतीय व्यवसाय और पर्यटक मालदीव के तटों को व्यस्त रखते हैं। मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू ने खुद भारत को मालदीव के सामाजिक-आर्थिक और बुनियादी ढांचा विकास में एक प्रमुख भागीदार बताया है।

मालदीव की ही तरह श्रीलंका में भी राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने पदभार संभालने के बाद जानकारों ने आशंका जताई थी कि नई दिल्ली-कोलंबो संबंध नकारात्मक दिशा में चले जाएंगे। दावे किए गए कि श्रीलंका के वामपंथी झुकाव से भारत को चिंतित होना पड़ सकता है। हालांकि, संबंध पहले से कहीं अधिक मजबूत हुए हैं। यह दशार्ता है कि भारत का सम्मानजनक साझेदारी, समय पर समर्थन और रणनीतिक धैर्य का अद्वितीय दृष्टिकोण निर्णायक रूप से काम करता है। विश्वास के एक शक्तिशाली प्रतीक के रूप में, पीएम मोदी ने हाल ही में इस साल की शुरूआत में श्रीलंका का राजकीय दौरा किया, जो नए नेतृत्व के तहत प्राप्त होने वाले पहले विदेशी राष्ट्राध्यक्ष बने। एक अभूतपूर्व हावभाव में, राष्ट्रपति दिसानायके ने समारोहिक स्वागत से लेकर संयुक्त सार्वजनिक कार्यक्रमों और प्रतिष्ठित सांस्कृतिक स्थलों तक, पीएम मोदी के पूरे दौरे में व्यक्तिगत रूप से साथ दिया।

# प्रकृति का त्योहार है तीज


-रमेश सर्राफ धमोरा

## 27 जुलाई तीज पर विशेष

तीज श्रावण शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाई जाती है। इसलिए यह श्रावणी तीज के नाम से भी जानी जाती है। सौंदर्य, प्रेम के उत्सव और आस्था के इस व्रत का महिलाओं के लिए बड़ा महत्व है, विशेष रूप से नव विवाहिताओं के लिए। यह त्योहार मुख्य रूप से उत्तर भारत (राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर पदेश, बिहार और झारखंड) में धूमधाम से मनाया जाता है। परंपरा के अनुसार नवविवाहिताएं पहला व्रत मायके में रखती हैं और इसके लिए झूले सजाए जाते हैं, लोक गीत गाए जाते हैं। देश के कई हिस्सों में मेले लगते हैं और माता पार्वती की सवारी निकाली जाती है। श्रावण का आगमन ही इस त्यौहार के आने की आहट सुनाने लगता है। समस्त सृष्टि सावन के अदभूत सौंदर्य में भिगी हुई सी नजर आती है। यह पर्व भारतीय जनमानस के अटूट विश्वास को और अधिक प्रगाढ़ता प्रदान करने का पर्व है। इस पर्व में हरियाली शब्द से ही साफ है कि इसका ताल्लुक पेड़-पौधों और पर्यावरण से है। यह त्योहार जीवन में जश्न का प्रतीक है और हरियाली तीज का पर्व प्रकृति का त्योहार हैं। इस मौके पर महिलाएं अच्छी फसल के लिए भी प्रार्थना करती हैं। वर्षा ऋतु में श्रावण के महीने में हमारे देश में चारों तरफ पानी बरसता रहता है। इस दौरान चारों तरफ हरियाली ही हरियाली नजर आती है। हरियाली के आगोश में प्रकृति इस तरह झूम उठती है मानो पृथ्वी अपनी हरी-भरी बाहें फैलाकर सबका अभिनंदन कर रही हो। श्रावण के महीने को हिंदू धर्मावलंबी भगवान शिव का महीना मान मानकर भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हैं। कावड़िए देशभर में विभिन्न नदी, तालाबों से जल लाकर भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। गणगौर के बाद त्योहारों का सिलसिला रुक जाता है वह एक बार फिर श्रावण मास की तीज से प्रारंभ हो जाता है। श्रावण का महीना महिलाओं के लिए विशेष उल्लास का महीना होता है। इस महीने में आने वाले अधिकांश लोक पर्व महिलाओं द्वारा ही मनाए जाते हैं। सावन के महीने में सिंजारा, तीज, नागपंचमी एवं सावन के सोमवार जैसे लोकपर्व उत्साह पूर्वक मनाए जाते हैं। श्रावण के महीने में मनायी जानेवाली हरियाली तीज आस्था, प्रेम, सौंदर्य व उमंग का त्यौहार है। तीज को मुख्यतः महिलाओं का त्यौहार माना जाता है। यह पर्व महिलाओं की सांस्कृतिक मान्यताओं का प्रतीक है। सावन माह में मनाया जाने वाला हरियाली पर्व दंपतियों के वैवाहिक जीवन में समृद्धि, खुशी और तरक्की का प्रतीक है। तीज का त्यौहार भारत के कोने-कोने में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह त्यौहार भारत के उत्तरी क्षेत्र में हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाता है।

श्रावण में में चारों ओर हरियाली की चादर सी बिखर जाती है। जिसे देख कर सबका मन झूम उठता है। सावन का महिना एक अलग ही मस्ती और उमंग लेकर आता है। श्रावण के सुहावने मौसम के मध्य में आता है तीज का त्यौहार। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को श्रावणी तीज कहते हैं। उत्तर भारत में यह हरियाली तीज के नाम से भी जानी जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए इस व्रत का पालन किया था। परिणामस्वरूप भगवान शिव ने उनके तप से प्रसन्न होकर उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया था। माना जाता है कि श्रावण शुक्ल तृतीया के दिन माता पार्वती ने सौ वर्षों के तप उपरान्त भगवान शिव को पति रूप में पाया था। इसी मान्यता के अनुसार स्त्रियां माता पार्वती का पूजन करती हैं।

हाथों में रची मेंहंदी की तरह ही प्रकृति पर भी हरियाली की चादर सी बिछ जाती है। इस नयनाभिराम सौंदर्य को देखकर मन में स्वतः ही मधुर झनकार सी बजने लगती है और हृदय पुलकित होकर नाच उठता है। इस समय वर्षा ऋतु की बौछारें प्रकृति को पूर्ण रूप से भिगो देती हैं। सावन की तीज में महिलाएं व्रत रखती हैं। इस व्रत को अविवाहित कन्याएं योग्य वर को पाने के लिए करती हैं तथा विवाहित महिलाएं अपने सुखी दांपत्य की चाहत के लिए करती हैं।

तीज पर मेहंदी लगाने, चूडियां पहनने, झूला झूलने तथा लोक गीतों को गाने का विशेष महत्व है। तीज के त्यौहार वाले दिन खुले स्थानों पर बड़े-बड़े वृक्षों की शाखाओं पर, घर की छत पर या बरामदे में झूले लगाए जाते हैं जिन पर स्त्रियां झूला झूलती हैं। हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेलों का भी आयोजन होता है। राजस्थान में जिन कन्याओं की सगाई हो गई होती है। उन्हें अपने होने वाले सास ससुर से एक दिन पहले ही भेंट मिलती है। इस भेंट को स्थानीय भाषा में सिंझारा कहते हैं। सिंझारा में मेंहदी, लाख की चूडियां, लहरिया नामक विशेष वेश-भूषा, घेवर नामक मिठाई जैसी कई वस्तुएं होती हैं। पीहर पक्ष द्धारा अपनी विवाहित पुत्री को भी सिंजारा भेजा जाता है। जिसे पूजा के बाद सास को सुपुर्द कर दिया जाता है। राजस्थान में नवविवाहिता युवतियों को सावन में ससुराल से मायके बुलाने की भी परम्परा है। तीज के अवसर पर नवयुवतियां हाथों में मेंहदी रचाते हुए गीत गाती हैं। समूचा वातावरण श्रृंगार से अभिभूत हो उठता है। इस त्योहार की सबसे बड़ी विशेषता है कि महिलाओं का हाथों पर विभिन्न प्रकार से बेलबूटे बनाकर मेंहदी रचाना। राजस्थान में हाथों व पांवों में भी विवाहिताएं मेंहदी रचाती हैं। जिसे मेंहदी मांडना कहते हैं। इस दिन राजस्थानी बालाएं दूर देश गए अपने पति के तीज पर आने की कामना करती हैं। जो कि उनके लोकगीतों में भी मुखरित होता है। राजस्थान के गांवों में पहले लड़किया गुड्डे-गुड्डी का खेल खेलती थी। तीज के दिन से गुड्डे-गुड्डी का खेल खेलना बन्द कर देती थी। इसलिये गांव की लड़किया एक साथ एकत्रित होकर अपनी पुरानी गुड्डे-गुड्डी को गांव के पास के नदी, तालाब, जोहड़ में बहा देती थी। जिसे गुड्डी बहावना कहा जाता था।

अपने सुखी दांपत्य जीवन की कामना के लिये स्त्रियां यह व्रत किया करती हैं। इस दिन उपवास कर भगवान शंकर-पार्वती की बालू से मूर्ति बनाकर शोडशोपचार पूजन किया जाता है जो रात्रि भर चलता है। स्त्रियों द्धारा सुंदर वस्त्र धारण किये जाते है तथा घर को सजाया जाता है। इसके बाद मंगल गीतों से रात्रि जागरण किया जाता है। इस व्रत को करने वालि स्त्रियों को पार्वती के समान सुख प्राप्त होता है। तीज का आगमन वर्षा ऋतु के आगमन के साथ ही आरंभ हो जाता है। आसमान काले मेघों से आच्छादित हो जाता है और वर्षा की फोहार पड़ते ही हर वस्तु नवरूप को प्राप्त करती है। ऐसे में भारतीय लोक जीवन में हरियाली तीज या कजली तीज महोत्सव का बहुत गहरा प्रभाव देखा जा सकता है।

आज के दौर में ये सब बीती बाते बन कर रह गयी है। राजस्थान में मान्यता है कि गणगौर के साथ ही पर्व-त्यौंहार मनाना बन्द हो जाते हैं। वो तीज के दिन से पुनः मनाये जाने लगते हैं। तीज से शुरू होने के बाद त्योंहारों का सिलसिला गणगौर तक चलता है। इसीलिये राजस्थान में एक कहावत प्रचलित है तीज त्योंहारा बावड़ी ले डूबी गणगौर।

# हाउस अरेस्टिंग डिजिटल क्रांति का स्याह पहलू, दहशत में बुजर्ग वर्ग


संजीव ठाकुर

डिजिटल क्रांति का स्वरूप मानवीय जीवन में एक नया और क्रांतिकारी परिवर्तन लेकर आया है। व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम ने आमजन की जीवन शैली ही बदल कर रख दी है। इस क्रांति ने देश और विदेश की दूरियों को एकदम कम कर दिया इसके अनेक लाभ तो है ही साथ ही जीवन में अनेक परेशानियां तथा दहशत को जन्म दिया है । इंटरनेट की सेवाओं से उपजा हाउस अरेस्टिंग का मायाजाल कभी एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट कभी कस्टम ऑफिसर और कभी पुलिस अधिकारी बनकर लोगों को डरा धमका कर हाउस अरेस्ट कर आमजन के जिंदगी भर के जमा अति उपयोगी कोष को लूटने में लगा है इसके अलावा पीड़ित व्यक्ति का समय दहशत और डर गुजरता है मामला गंभीर है और अत्यंत चिंतनीय भी। इसका निदान तत्काल प्रभाव से किया जाना आवश्यक होगा अन्यथा हाउस अरेस्टिंग एक बड़े सामाजिक अभिशाप के रूप में सामने आने लगा है।

21वीं सदी इंटरनेट और वेब मीडिया युग की शताब्दी मानी जा रही है इसलिए सूचना के आदान-प्रदान जनमत तैयार करने विभिन्न क्षेत्रों और संस्कृति को आपस में जोड़ने तथा भागीदार बनाने में सोशल नेटवर्किंग एक बेजोड़ उपकरण की तरह उभरी है। सोशल नेटवर्किंग साइट आज स्टेटस सिंबल भी बन गई है। इसमें जितनी अच्छाइयां हैं दूसरी तरफ उतनी ही बड़ी परेशानी का सबब भी है। आज इस युग में सोशल मीडिया ने विश्व के लोगों को जोड़कर एक ऐसे नए नागरिक का जन्म किया है, जो स्वयं तो जागरूक है दूसरों को भी जागरूक कर रहा है पर इससे बच्चे ही आने आने वाली पीढ़ी के नागरिक मानसिक द्वंद और वयस्क दुनिया में अचानक प्रवेश कर जाते हैं। इसके अलावा मानसिक रोगों को जन्म देने वाली भी यह एक बड़ी मशीन है। आज गांव से लेकर शहर तक हर आदमी सोशल मीडिया के प्रयोग से ग्रसित है और मानसिक संतुलन खोने की स्थिति तक पहुंच चुका है। परिवार के अभिभावकों द्वारा बच्चों से मोबाइल छीन लेने पर बच्चों के आत्महत्या के प्रकरण में बहुत ज्यादा इजाफा हुआ है। वर्तमान में सोशल नेटवर्किंग साइट इंटरनेट का एक अभिन्न हिस्सा है जिसका उपयोग विश्व के अरबों लोगों द्वारा किया जा रहा है। यह एक ऑनलाइन मंच है जो सार्वजनिक प्रोफाइल बनाने तथा वेबसाइट पर उपयोगकताओं के साथ सहभागी होने की अनुमति देता है। फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, लिंकडेंन, इंस्टाग्राम और न जाने कितने ऐसे साइट्स हैं जो दुनिया भर के लोगों को एक दूसरे से अनायास जोड़ देते हैं। इंटरनेट के जरिए विश्व के अनेक देशों की दूरियां पलक झपकते खत्म हो जाती है। वैश्विक नागरिक जन अब इंटरनेट मीडिया नामक एक आभासी देश के नागरिक बन चुके हैं। फेसबुक का आविष्कार 2004 में और ट्विटर का आविष्कार 2006 मे हुआ है। फेसबुक के निमार्ता मार्क जुकरबर्ग ने फेसबुक का निर्माण कर दुनिया में तहलका मचा दिया है। फेसबुक का इस्तेमाल विश्व के अरबों लोगों द्वारा किया जाता है। यह दुनिया का सबसे लोकप्रिय साइट है। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम के बड़े उपयोगकर्ता भारत में निवास करते हैं। आंकड़ों की मानें तो भारत में ही 350 मिलियन सोशल नेटवर्किंग के ग्राहक हैं, और 2023 में इनकी संख्या 450 मिलियन होने की संभावना है। एक गणना के अनुसार भारत में लोग सोशल मीडिया पर 24 घंटे गुजारते हैं जबकि भारत से समृद्ध देश जापान के लोग केवल 47 से 50 मिनट तक की सोशल मीडिया पर उपस्थित रहते हैं। सोशल मीडिया नेटवर्किंग कोई भी सकारात्मक रूप से लें इसके बहुत फायदे हैं, इसके फायदे की जद में न सिर्फ बच्चे बल्कि शिक्षक, व्यवसाई, न्यूजपेपर, मीडिया चैनल आदि भी हैं जिसका परिणाम सोशल मीडिया एक विशाल नेटवर्क बन गया है।ये पूरे विश्व को जोड़कर रखने में सक्षम है। इसके अलावा यह संचार का अच्छा माध्यम होने के साथ-साथ बहुत तेज गति से सूचनाओं का आदान-प्रदान भी करता है। भौगोलिक तथा सांख्यिकी रूप से विशाल देश भारत में जन जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए इसको अभियान की तरफ अपनाया गया है। इसके अलावा यह रोजगार प्रदान करने वाला माध्यम भी बन गया है। यह शिक्षा तथा ज्ञान का एक विशिष्ट माध्यम बन गया है। एक झटके में एक क्लिक से विश्व की कोई भी जानकारी इसमें तत्काल उपलब्ध हो जाती है। सोशल नेटवर्किंग का सबसे ज्यादा फायदा कोविड-19 के संक्रमण काल में करुणा की महामारी को रोकने के लिए इस संबंध में बचाव कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए हुआ है। अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, कनाडा, इजराइल, ऑस्ट्रेलिया जैसे सक्षम देश में महामारी से लाखों लोगों की मौत हुई किंतु सोशल नेटवर्किंग के बलबूते पर भारत शासन ने कोविड-19 की महामारी में विशाल जनसंख्या के होते हुए भी प्रभावी नियंत्रण पा लिया है। सोशल नेटवर्किंग की इस सदी की सबसे बड़ी मानवीय सहायता है। भारत देश के अच्छे कार्यों तथा चीन और पाकिस्तान के गलत तरीके से भारत की सीमा में घुसने के समाचारों को सोशल नेटवर्किंग से प्रचारित प्रसारित कर भारत को वैश्विक समर्थन आप करने में सोशल मीडिया का बहुत बड़ा सहयोग रहा है। भारत के प्रधानमंत्री वैश्विक स्तर पर दूसरे नंबर के सर्वाधिक लोकप्रिय व्यक्ति भी सोशल मीडिया के कारण ही बने हैं।

पर यदि सोशल मीडिया के नकारात्मक पहलू पर अपन चर्चा ना करें तो यह बात अधूरी रह जाएगी, सोशल मीडिया का ज्यादा प्रयोग मानव मस्तिष्क को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है, जिससे व्यक्ति के डिप्रेशन में जाने की संभावना हो सकती है। सोशल मीडिया साइबर क्राइम को बढ़ावा देता है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है यहां हर संप्रदाय तथा धर्म के लोग निवास करते हैं ऐसे में सोशल मीडिया फर्जी न्यूज तथा भड़काऊ भाषण फैलाने में एक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे देश में स्थिरता एवं सांप्रदायिक दंगे फैलने की संभावना बलवती होती है। इसके अलावा साइबर अपराध का भी एक बड़ा माध्यम बन गया है। सोशल मीडिया का अधिक उपयोग मनुष्य के शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य को बहुत ज्यादा प्रभावित करता है एवं मनुष्य की स्मरण शक्ति सोचने की शक्ति विश्वास की प्रवृत्ति धीरे-धीरे कमजोर होने लगती है, और इसके अनियंत्रित प्रयोगों से व्यक्ति कि व्यक्ति से दूरी बढ़ते जा रही है। साइबर स्कैम या अपराध सोशल मीडिया की सबसे बड़ी नकारात्मक बात है। फेसबुक तथा ट्विटर सबसे ज्यादा धार्मिक भावनाओं और राष्ट्रीय प्रतीकों का अपमान का निषेध करने वालों कानूनों का उल्लंघन करता है। सोशल नेटवर्किंग आज की स्थिति में सामाजिक सौहार्द के सामने सोशल मीडिया एक चुनौती बनकर खड़ा है। जो अनेक भ्रांतियां तथा भ्रम फैलाने का काम करता है। इस तरह सोशल मीडिया नेटवर्क ज्ञान, धन अर्जन एवं अच्छे कामों के लिए संचार का सुलभ माध्यम है पर इसके दुरुपयोग से इसकी विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़े हुए हैं। सोशल नेटवर्किंग अब जीवन का एक आवश्यक हिस्सा बन चुका है अतः आवश्यक है कि निजता के अधिकार का उल्लंघन किए बिना सोशल मीडिया के दुरुपयोग को रोकने के लिए हम सबको नए विकल्पों की खोज करनी चाहिए, जिससे इसकी अच्छाइयों को आत्मसात करते हुए भविष्य में इसके संभावित दुरुपयोग नुकसान तथा दुष्प्रभावों से बचने का उपाय हमें खोजना होगा।

## रियलमी ने लॉन्च की 15 सीरीज

पटना। स्मार्टफोन ब्रांड रियलमी ने अपनी नई 15 सीरीज लॉन्च की, जिसमें रियलमी 15 प्रो 5जी और रियलमी 15 5जी शामिल हैं। ये स्मार्टफोन उन्नत एआई फीचर्स, दमदार कैमरा और शानदार गेमिंग परफॉर्मेंस के साथ पेश किए गए हैं। रियलमी 15 प्रो 5जी चार स्टोरेज वैरिएंट (8 प्लस 128, 8 प्लस 256, 12 प्लस 256 और 12 प्लस 512) में उपलब्ध है। इसके बेस वैरिएंट का मूल्य 28,999 रुपए से शुरू होता है, जिसमें 3,000 रुपए का बैंक ऑफर शामिल है। रियलमी 15 5जी तीन स्टोरेज वैरिएंट (8 प्लस 128, 8 प्लस 256, 12 प्लस 256) में उपलब्ध है। इसके बेस वैरिएंट का शुरूआती मूल्य 23,999 रुपए है, जिसमें 2,000 रुपये का बैंक ऑफर शामिल है। दोनों डिवाइसों में 50 एमपी कैमरा, 4के वीडियो, एआई पार्टी मोड और इंडस्ट्री की पहली एआई एडिट जेनी टेक्नोलॉजी दी गई है, जिससे यूजर वॉइस कमांड से इमेज एडिट कर सकते हैं। गेमर्स के लिए रियलमी 15 प्रो 5जी में स्नैपड्रगन 7 जेन 4 और रियलमी 15 5जी में डीमेंसिटी 7300 प्लस प्रोसेसर है। दोनों में 7000एमएच बैटरी, 80 वाट फास्ट चार्जिंग और जीटी बूस्ट एआई गेमिंग इंजन दिया गया है। इसके साथ ही, कंपनी ने रियलमी बड्स टी200 भी लॉन्च किए हैं, जो 12.4एमएम ड्राइवर, 50 घंटे की बैटरी लाइफ और 32डीबी नॉइज कैंसलेशन के साथ 1,699 रुपए में उपलब्ध हैं।

## पालघर पीडब्ल्यूडी में तबादला विवाद, शाखा अभियंता सचिन गायकवाड डहाणू जाने को तैयार नहीं

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** पालघर के सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में तबादले को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। शाखा अभियंता सचिन केशव गायकवाड का तबादला 30 मई 2025 को डहाणू पीडब्ल्यूडी कार्यालय में किया गया था, लेकिन तबादले के लगभग दो महीने बीतने के बाद भी वे पालघर कार्यालय से कार्यमुक्त नहीं हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोकण विभाग के मुख्य अभियंता एवं विशेष अधीक्षक डी. बी. आखाडे द्वारा 2025 में जारी कार्यालयीन आदेश क्रमांक 125 के तहत कुल 41 अभियंताओं के तबादले किए गए थे, जिनमें गायकवाड का नाम भी शामिल है। तबादला स्पष्ट रूप से सरकारी सेवा के हित में किया गया है, जिसकी पुष्टि 29 अगस्त 2024 की अधिसूचना और 9 अप्रैल 2018 के शासन निर्णय से भी होती है। लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि सरकारी आदेश के बावजूद गायकवाड डहाणू जाने से क्यों कतरा रहे हैं? चर्चा है कि वे लगातार उच्चाधिकारियों पर दबाव बनाकर तबादला रद्द करवाने की कोशिश कर रहे हैं। यह भी सामने आया है कि वे कई वर्षों से पालघर के एक ही पद पर जमे हुए हैं, जो नियमों के विरुद्ध माना जाता है। अब जनता और विभागीय कर्मचारी दोनों ही यह सवाल पूछ रहे हैं – जब स्पष्ट आदेश जारी हो चुका है, तो गायकवाड को कार्यमुक्त करने में देरी क्यों? क्या एक अधिकारी इतना शक्तिशाली हो सकता है कि वह सरकारी आदेश की खुलेआम अवहेलना करे? और क्या विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उनके दबाव में आकर मौन साधे हुए हैं? इस पूरे मामले ने सार्वजनिक निर्माण विभाग की पारदर्शिता और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शासन और प्रशासन की छवि पर भी आंच आती दिख रही है। अब देखना होगा कि क्या शासन इस मामले में सख्ती दिखाएगा? या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में दफन हो जाएगा। जनहित में उठते ऐसे सवालों के जवाब अब सरकार को देने होंगे।

## फर्जी दस्तावेज बनाने वालों को गिरफ्तार नही कर रही: पुलिस

**कल्याण।** कल्याण पूर्व के तिसगाँव में 20 गुंठा जमीन के फजी दस्तावेज बनाने का गंभीर मामला दर्ज होने के 25 दिन बाद भी पुलिस ने आरोपियों की गिरफ़्तारी नही किया है । ऐसा आरोप पीड़ित ने पुलिस पर लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार राम दिनकर म्हात्रे (उम्र 62, निवासी भालगाँव द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, उनकी माँ राजूबाई दिनकर म्हात्रे के नाम जमीन पर किसी अन्य महिला की तस्वीर और अंगूठे के निशान के साथ फजी दस्तावेज बनाकर विकास समझौता किया गया है। यह दस्तावेज संदीप एकनाथ गायकवाड़ और अन्य द्वारा दस्तावेज संख्या 7581/2008 के अनुसार बनाया गया था। इस मामले में 1 जुलाई 2025 को कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471, 34 के तहत गंभीर मामला दर्ज किया गया था और 25 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इससे शिकायतकर्ता म्हात्रे परिवार ने नाराजगी जताई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि इस मामले में जब कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन में जांच की गई तो संबंधित जांच अधिकारी 'जांच जारी है' का गोलमोल जवाब दे रहे थे। इससे पुलिस जांच की गति और पारदर्शिता पर संदेह व्यक्त किया जा रहा है। इस मामले में संदीप गायकवाड़ और 10 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और इलाके में मांग है कि पुलिस तुरंत कार्रवाई करे क्योंकि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीन हड़पने का गंभीर मामला सामने आया है।

## ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट के लिए अधिग्रहित भूमि पर मिलेगा न्यायसंगत मुआवजा

### ◆सांसद और विधायक ने रखा किसानों का पक्ष, प्रशासन ने दी पारदर्शिता की गारंटी

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** जव्हार तहसील के किसानों के लिए राहत की खबर सामने आई है। रेसोनिया लिमिटेड द्वारा खवडा ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट के लिए जिनकी जमीन अधिग्रहित की जा रही है, उन्हें अब उचित और न्यायोचित मुआवजा मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। जिला प्रशासन, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और किसानों के बीच लगातार संवाद के बाद मुआवजे की दरों में संशोधन किया गया है। प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में पूर्व में हुए जमीन सौदों का अध्ययन किया जा रहा है और बाजार भाव को ध्यान में रखते हुए मुआवजे की गणना की जा रही है। साथ ही, आसपास के विद्युत प्रोजेक्ट में दिए गए मुआवजे के आधार पर भी दरें निर्धारित की जा रही हैं। सांसद डॉ. हेमंत सवरा ने किसानों की मांग को मजबूती से प्रशासन के समक्ष रखा। उन्होंने सुझाव दिया कि मुआवजा तय करते समय ऐसे नियमों को लागू किया जाए जिससे किसानों को अधिक लाभ मिल सके। ‖मुआवजे की रकम कानूनी दायरे में रहे, लेकिन किसानों को उसका पूरा लाभ मिलना चाहिए,‖ ऐसा स्पष्ट वक्तव्य उन्होंने दिया। साथ ही सर्वेक्षण कार्य शीघ्र पूरा कर किसानों को हर चरण की जानकारी देने की भी उन्होंने अपील की। विक्रमगड़ के विधायक हरिशचंद्र भोये ने बताया कि 2022 में जारी सरकारी आदेश (जीआर) से मुआवजा प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा, यह जीआर सभी पक्षों के हितों की रक्षा करता है और उचित मुआवजा सुनिश्चित करता है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि ट्रांसमिशन लाइन निर्माण के दौरान आदिवासी और अन्य भूमि मालिकों के अधिकारों की रक्षा अनिवार्य है। जहां ट्रांसमिशन टॉवर स्थापित किए गए हैं, उस भूमि के लिए मालिकों को सीधा मुआवजा मिल रहा है। इसके अलावा, जहां से ट्रांसमिशन लाइन गुजर रही है यानी राइट ऑफ वे (आरओडबल्यू)‖ के तहत- वहां भी 2022 के जीआर के अनुसार अलग से मुआवजा दिया जा रहा है। वर्तमान में सरकार और कंपनी मिलकर सर्वेक्षण कर रही है कि कितनी भूमि परियोजना में गई है और किस प्रकार के दर लागू होंगे। इसके आधार पर मुआवजे की प्रक्रिया शुरू होगी। प्रशासन का दावा है कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और न्यायपूर्ण होगी।

इतना ही नहीं, यदि टॉवर निर्माण के दौरान किसी किसान की फसल को नुकसान होता है तो कंपनी अलग से मुआवजा भी दे रही है। यह राशि आर.ओ.डबल्यू. मुआवजे से अलग होगी। स्थानीय लोगों का मानना है कि प्रशासन, जनप्रतिनिधि और कंपनी के समन्वय से इस पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और संतुलन बना है।

## मुंबई ने पहली बार माँ बनने जा रही एक महिला में बड़े यूटेरिन फाइब्रॉइड के कारण जटिल प्रसव को सफलतापूर्वक संभाला

**मुंबई,।** नारायणा हेल्थ रफ्ळउ चिल्ड्रेन हॉस्पिटल ने सफलतापूर्वक एक 37 वर्षीय पहली बार गर्भवती महिला (प्राइमिग्रैविडा) की वैकल्पिक सिजेरियन डिलीवरी (छरउर) की, जिनके गर्भ में 13 सेमी का इंट्राम्यूरल फायब्रॉयड था – जो एक अत्यंत जटिल सर्जिकल स्थिति होती है। इस जटिल डिलीवरी को अस्पताल की समर्पित मल्टीडिसिप्लिनरी टीम और उत्कृष्ट सर्जिकल तैयारी की बदौलत कुशलतापूर्वक संपन्न किया गया।

# केडीएमसी सुमीत कंपनी का ठेका रद्द करे: दिपेश म्हात्रे

### पालिका के खिलाफ हाईकोर्ट में जाएंगे - दिपेश म्हात्रे



**डोंबिवली(उत्तरशक्ति)।** कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका ने कचरा इकट्ठा करने का ठेका सुमीत कंपनी को दिया है। यह ठेका गलत तरीके से दिया गया है और इसमें भ्रष्टाचार हुआ है, ऐसा आरोप शिवसेना (ठाकरे गुट) ने लगाया है। इस कंपनी के संचालक अमित सालुंके को शराब और भ्रष्टाचार के मामले में झारखंड पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ऐसे व्यक्ति की कंपनी को दिया गया ठेका तत्काल रद्द किया जाए, अन्यथा हम हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर करेंगे ऐसी चेतावनी शिवसेना (ठाकरे गुट) के जिला प्रमुख दीपेश म्हात्रे ने महापालिका प्रशासन को दी है। जिला प्रमुख म्हात्रे ने बताया कि सुमीत कंपनी को कचरा उठाने का ठेका 9 अगस्त को दिया गया, जबकि कंपनी की स्थापना 28 अगस्त को हुई। यानी पहले ठेका दिया गया और बाद में कंपनी बनाई गई। ठेका देते समय घोर अनियमितताएं हुई हैं और इसकी अब तक कोई जांच भी महापालिका प्रशासन ने नहीं की है। इस प्रक्रिया की जांच होनी चाहिए।

महापालिका ने राज्य सरकार के आदेशानुसार नागरिकों से कचरा सेवा शुल्क वसूलना शुरू किया है। नागरिकों से अतिरिक्त शुल्क लेकर वह कर सुमीत कंपनी की जेब में डाला जा रहा है, ऐसा गंभीर आरोप भी उन्होंने लगाया। इस ठेके के तहत सुमीत कंपनी को सालाना 85 करोड़ रुपये दिए जा रहे हैं। कंपनी ने महापालिका के सात प्रभागों में काम शुरू कर दिया है, लेकिन इन इलाकों में कचरा न उठाए जाने की कई शिकायतें नागरिकों द्वारा की गई हैं।

यदि यह ठेका रद्द नहीं किया गया, तो शिवसेना (ठाकरे गुट) की ओर से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की जाएगी, ऐसा स्पष्ट चेतावनी महापालिका को दी गई है। इस संदर्भ में जब उपायुक्त प्रसाद बोरकर से सवाल किया गया तो उन्होंने बताया कि महापालिका ने सुमीत एल्कोप्लास्ट कंपनी को अगस्त 2024 में यह काम सौंपा था। कंपनी ने वास्तव में मई 2025 में तीन प्रभाग क्षेत्रों में पूरी क्षमता से कार्य शुरू किया है। अभी तक इस कार्य का कोई भुगतान कंपनी को नहीं किया गया है।

## महाराष्ट्र में 12वीं मंजिल के फ्लैट की खिड़की से गिरकर चार साल की बच्ची की मौत



**पालघर।** महाराष्ट्र में पालघर जिले के वसई में एक इमारत की 12वीं मंजिल पर एक फ्लैट की खिड़की से गिरकर चार वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नगांव पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि घटना 22 जुलाई को रात साढ़े आठ बजे की है। उन्होंने कहा, वह अपनी मां के साथ एक रिश्तेदार से मिलने आई थी। जब वे लौटने वाले थे, तो महिला ने बच्ची को खिड़की के पास जूतों की रैक पर बैठा दिया और खुद किसी काम में व्यस्त हो गई। इसी दौरान बच्ची थोड़ा सा हिली और खुली खिड़की से नीचे गिर गई, जिस पर ग्रिल नहीं लगी थी। अधिकारी ने बताया, बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

## पालघर शिवसेना द्वारा सड़क व्यवसायियों को मिलेगी छत्री, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों हुआ लोकार्पण



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के करकमलों से तथा पालघर जिला संपर्कप्रमुख रविंद्र फाटक की प्रमुख उपस्थिति में शिवसेना पालघर जिला प्रमुख कुंदन संखे द्वारा आयोजित छत्री वितरण उपक्रम का शुक्रवार 25 जुलाई 2025 को लोकार्पण संपन्न हुआ। यह उपक्रम विशेष रूप से भाजीपाला विक्रेता, मछली विक्रेता, फुटपाथ पर व्यवसाय करने वाले गरीब व जरूरतमंद विक्रेताओं के लिए आयोजित किया गया है, जिन्हें रोजमर्रा के धूप और बारिश से सुरक्षा नहीं मिल पाती। कुंदन संखे हर वर्ष इस सामाजिक उपक्रम के माध्यम से हजारों गरीब व्यवसायियों को छत्रियां वितरित करते आ रहे हैं और इस वर्ष भी यह परंपरा उन्होंने कायम रखी है। इस अवसर पर शिवसेना उपनेता ज्योती मेहेर, शहर प्रमुख राहुल घरत, तथा पूर्व नगरसेवक मनोहर संखे समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी ने इस समाजोपयोगी उपक्रम की सराहना करते हुए कुंदन संखे के सामाजिक कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# नाश्ते की थाली से मिलेगा दुबई, बैंकॉक घूमने का मौका



**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** मिती ग्रुप और स्वमहिला सर्वांगीण उन्नती फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में तथा डॉ. ज्योति ठाकरे के विशेष सहयोग से ‖श्रावण महोत्सव 2025‖ के अंतर्गत पालघर जिले में पहली बार एक अनोखी जिला स्तरीय पाककला प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस बाबत जानकारी देने हेतु शुक्रवार 25 जुलाई को पालघर के कांचन एम्पायर सभागृह में एक पत्रकार परिषद आयोजित की गई, जिसमें डॉ. ज्योति ठाकरे ने पत्रकारों को कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर अनुजा तरे, रेखा बागुल, नमिता राऊत, भावना किणी, गीता संखे, भारती सावे जैसी महिला सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थीं। ज्ञात हो कि प्रतियोगिता का विषय नाश्ते में पौष्टिक और शाकाहारी व्यंजन‖ रखा गया है। यह स्पर्धा शुक्रवार, 1 अगस्त 2025 को दोपहर 2:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक, श्री विठ्ठल रखुमाई मंदिर ट्रस्ट के कै. मधुसूदन निलकंठ दांडेकर सभागृह, माहीम रोड, पालघर (पश्चिम) में संपन्न होगी। यह प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों (महिला-पुरुष, बच्चे, युवा, वरिष्ठ नागरिक) के लिए निःशुल्क है। प्रतिभागियों को घर से ही नाश्ते का शाकाहारी व पौष्टिक व्यंजन बनाकर लाना होगा और उसे आकर्षक तरीके से प्रस्तुत कर, उसकी जानकारी निर्णायकों के समक्ष रखनी होगी। प्रतियोगिता में स्वादिष्ट, जल्दी बनने वाला, किफायती व सेहतमंद व्यंजन तैयार करने की अपेक्षा की गई है। इस स्पर्धा में 5 विजेताओं को विशेष पुरस्कार व राज्यस्तरीय फिनाले में सीधा प्रवेश, 35 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार, हर सहभागी को प्रमाणपत्र व पुरस्कार दिया जायेगा। इसके अलावा दर्शकों के लिए लकी ड्रॉ के माध्यम से आकर्षक उपहार भी रखे गए हैं। इस बारे में अधिक जानकारी हेतु तथा प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अनुजा ताई तरे - 7387332248, नमिता ताई राऊत -9967279022, रेखा ताई बागुल -9022235587, चंदना ताई जाधव - 91723 38276 से संपर्क कर प्रतिभागी अपना नामांकन करा सकते हैं।श्रावण महोत्सव टीम ने सभी से अपील की है कि इस पाककला प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अपने खानपान के हुनर को एक नया मंच दें तथा दुबई, बैंकॉक, पटाया की फ्री ट्रिप जीतने का सुनहरा मौका पाएं।

# केसीएन क्लब द्वारा कारगिल पराक्रम जनजागृति मशाल पदयात्रा का आयोजन आज




**पालघर (उत्तरशक्ति)।** भारत माता के वीर सपूतों के अदम्य साहस और बलिदान को नमन करते हुए कारगिल विजय दिवस के 26वीं वर्षगांठ के अवसर पर पालघर जिले के बोईसर शहर में शनिवार 26 जुलाई 2025 को एक भव्य मशाल पदयात्रा का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन केसीएन क्लब के तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना का संचार करना और शहीदों की स्मृति को जीवित रखना है।

इस जनजागरूकता यात्रा में पूर्व सैनिकों, स्कूली बच्चों, सामाजिक कार्यकताओं और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। यह यात्रा बोईसर स्टेशन रोड स्थित जिला परिषद विद्यालय से प्रारंभ होकर टांकी नाका स्थित टीमा हॉल तक लगभग 3 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व सैनिकों द्वारा मशाल थामकर की जायेगी, जो इस आयोजन का नेतृत्व करेंगे। यात्रा के दौरान जय जवान, जय हिंद, वंदे मातरम्-जैसे देशभक्ति नारों और गीतों से पूरा वातावरण गूंज उठेगा। पदयात्रा के समापन पर टीमा हॉल में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें शहीद जवानों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। स्कूली छात्रों द्वारा कर चले हम फिदा और वंदे मातरम जैसे देशभक्ति गीतों की सुंदर प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे सभी उपस्थित जनों में राष्ट्रप्रेम की भावना और गहरी होगी। इस अवसर पर भारतीय सेना के सेवानिवृत्त अधिकारी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जो अपने अनुभव साझा कर युवाओं को देशसेवा के लिए प्रेरित करेंगे। केसीएन क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष व आयोजन समिति के अध्यक्ष नंदन मिश्रा त्यागी ने जानकारी दी कि यह पदयात्रा हर वर्ष आयोजित की जाती है, ताकि नई पीढ़ी शहीदों के बलिदान को याद रखे और उनसे प्रेरणा ले। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में आमजन की उपस्थिति अपेक्षित है, जिससे यह आयोजन एक प्रेरणादायी और स्मरणीय अवसर बन सकेगा।

# युवतियों और वरिष्ठ महिलाओं ने दुल्हन के वेश में रैंप वॉक किया, विभिन्न राज्यों की विवाह संस्कृति की झलक




**वाशी, नवी मुंबई (उत्तरशक्ति)।** वर्तमान बदलते सामाजिक ढाँचे में ऑनलाइन विवाह उद्योग में बढ़ती धोखाधड़ी, झूठी पहचान और आपराधिक प्रवृत्तियों के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से हाल ही में वाशी स्थित साहित्य मंदिर सभागार में एक जागरूकता कार्यक्रम ऑनलाइन नवरा नको गं बाई... का आयोजन किया गया। साथ ही, परंपरा और आधुनिकता का संगम करते हुए, देश के विभिन्न राज्यों की विवाह संस्कृति और दुल्हनों के परिधानों का जीवंत दृश्य प्रस्तुत करते हुए, एक विविध फैशन शो का भी उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में युवतियों की तरह वरिष्ठ महिलाओं ने भी दुल्हन के वेश में रैंप वॉक कर उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। यह पहल नेत्रा एंटरप्राइजेज के बहुउद्देशीय मंच ‖वी मुक्ता‖ और स्विफ्ट डिटेक्टिव एंड इन्वेस्टिगेशन्स के सहयोग से कार्यान्वित की गई। इस अवसर पर, मुख्य वक्ता के रूप में प्रिया काकड़े (निदेशक, स्विफ्ट डिटेक्टिव एंड इन्वेस्टिगेशन्स) ने महिलाओं को वास्तविक उदाहरणों के साथ बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया। पारंपरिक दुल्हन के परिधानों के माध्यम से वैवाहिक संस्कृति में सुंदरता, विविधता और सुरक्षा का संदेश दिया गया।प्रिया काकड़े ने अपने भाषण में हाल की कुछ घटनाओं का उदाहरण देते हुए महिलाओं को सावधान रहने की सलाह दी। उन्होंने एक चौंकाने वाली घटना का खुलासा किया जिसमें पुणे की एक युवा आईटी इंजीनियर महिला को एक युवक ने 16 से 17 लाख रुपये की ठगी की। यह युवक उससे एक ऑनलाइन मैट्रिमोनियल साइट पर मिला था और शादी के कुछ ही महीनों बाद फरार हो गया। एक अन्य घटना में, पुणे में शिक्षा के लिए रह रही एक युवती ने एक 75 वर्षीय व्यक्ति के साथ 'शुगर डैडी' संबंध शुरू कर दिया और उस पर निजी खर्च करने लगा और उसकी संपत्ति हड़पने की भी कोशिश की। ऐसा होने पर, उसकी पत्नी मदद लेने स्विफ्ट डिटेक्टिव एजेंसी आई।

इसके अलावा, उन्होंने विवाहेतर संबंधों, तलाक के लिए आवश्यक सबूत जुटाने और सोशल मीडिया के कारण बढ़ती दूरियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस व्याख्यान में, प्रिया काकड़े ने बताया कि प्रेम, विवाह या भावनात्मक सुरक्षा के नाम पर कई महिलाओं को जाल में फँसाया जा रहा है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर 90% प्रोफाइल फजी हैं, और कुछ मामलों में, वित्तीय धोखाधड़ी के साथ-साथ लड़कियों को बेचे जाने के उदाहरण भी मिलते हैं। कार्यक्रम का एक और विशेष आकर्षण नववधू रैंप वॉक प्रतियोगिता थी। इस प्रतियोगिता की खास बात यह थी कि कई वरिष्ठ महिलाएँ भी दुल्हन के रूप में सजकर रैंप पर उतरीं और उम्र की सीमा को तोड़ दिया। उनके परिधानों ने उनके युवा उत्साह और विवाह की रस्मों के प्रति सम्मान को दशार्या। दर्शकों ने भी इस फैशन शो का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में, सभी प्रतिभागी महिलाओं को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस फैशन शो में, बौद्ध समुदाय के दुल्हन परिधानों की जीवंत प्रस्तुति दी गई। कुछ महाराष्ट्रीयन दुल्हनों ने नौवारी साड़ी पहनी थी, कुछ राजस्थानी दुल्हनों ने पारंपरिक गोटा-पट्टी से सजी घाघरा-चोली पहनी थी, जबकि अन्य ने सिर पर बांधनी ओढ़नी और बोरला-झूबे पहनकर अपनी विशेष राजपूताना गरिमा का प्रदर्शन किया। गुजराती दुल्हनों के रूप में, कुछ महिलाओं ने ‖पनतोर‖ साड़ी और दाहिने कंधे से सीधा पल्लू लिए ‖घरचोल्या‖ प्रस्तुत किया; उस पर सजी उनकी पारंपरिक बड़ी चूड़ियाँ और झुमके विशेष ध्यान आकर्षित कर रहे थे।

# डॉ.अनील काशी मुरारका ने बेस्ट मुस्लिम लीडरशिप अवार्ड मिलने पर हाजी शकील सैफी को किया सम्मानित



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** प्रख्यात समाजसेवी और एम्पल मिशन फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनील काशी मुरारका ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के वरिष्ठ नेता हाजी शकील सैफी को 'बेस्ट मुस्लिम लीडरशिप 2025' अवार्ड मिलने पर सम्मानित किया। यह सम्मान हाल ही में भारत सरकार द्वारा उन्हें प्रदान किया गया है। हाजी शकील शैफी वर्ल्ड पीस हार्मनी के चेयरमैन और सैफी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सीईओ के रूप में भी कार्यरत हैं।

इस अवसर पर डॉ. मुरारका ने हाजी शैफी को छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा भेंट की ' कार्यक्रम के दौरान डॉ. मुरारका ने शैफी के राष्ट्रीय विकास और सांप्रदायिक सद्भाव के प्रति समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि शैफी जी जैसे लोग, जो देश की प्रगति के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं और हिंदू-मुस्लिम एकता को बढ़ावा देते हैं, आज के भारत में अत्यंत आवश्यक है।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com







स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

## तमंचा कारतूस के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

निशानाथ, खेतासराय,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। खेतासराय पुलिस को शुक्रवार को मुखबीर की सूचना पर एक सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दो आरोपितों को अवैध असलहे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी शैलेंद्र कुमार राय ने बताया कि शुक्रवार को मुखबीर की सूचना पर दो अलग-अलग स्थानों से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पहली गिरफ्तारी सुबह 10:10 बजे खड़ंजा मार्ग, ग्राम बाराकला के पास हुई। जहां पुलिस ने शुभम राय पुत्र शिवबचन राय निवासी भूलनडीह, थाना बरदह, जनपद आजमगढ़ को एक अवैध 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ दबोचा।



वहीं, दूसरी गिरफ्तारी 10:30 बजे ग्राम सफीपुर पुलिया से हुई, जहां रामधनी यादव पुत्र रामबचन यादव निवासी सहनुडीह, थाना बरदह, जनपद आजमगढ़ को भी एक 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी शुभम राय पर पहले से ही हत्या, आपराधिक साजिश, और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। इसके विरुद्ध थाना बरदह, आजमगढ़ में आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है। इसी प्रकार रामधनी यादव भी आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जिस पर जौनपुर जनपद के विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें बलवा, मारपीट, धमकी और सार्वजनिक शांति भंग करने जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। दोनो आरोपी को विधिक कार्यवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अशोक कुमार वर्मा, सुजीत कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल राजकुमार यादव, कांस्टेबल मनीष कुमार यादव, विकेश चौहान, संदीप कुमार सिंह शामिल रहे।

## अल्फारूक पब्लिक स्कूल में गतिविधि आधारित शिक्षा का शानदार आयोजन

### छात्रों ने बनाए मिट्टी के दीये और कागज की झालर, उभरी रचनात्मक प्रतिभा

**वसीम अहमद**

सुईथाकलां,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। अल्फारूक पब्लिक स्कूल करपी ने ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा को नवाचार से जोड़ते हुए एक अनुकरणीय पहल की है। विद्यालय में हाल ही में आयोजित गतिविधि-आधारित शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को कला, रचनात्मकता एवं कौशल विकास के अवसर प्रदान किए गए, जिससे विद्यालय परिसर में सीखने का वातावरण और भी सजीव व प्रेरणादायक हो गया।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की ऐक्विटी इंचार्ज श्रीमती साधना सिंह के मार्गदर्शन में किया गया, जिन्होंने छात्रों को मिट्टी के दीये और कागज की झालर बनाने का प्रशिक्षण दिया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रों में हस्तकला के माध्यम से रचनात्मक सोच का विकास करना और उन्हें पारंपरिक भारतीय कलाओं से जोड़ना रहा।





**शिक्षण का अभिनव तरीका:** गतिविधि-आधारित शिक्षण, पारंपरिक शिक्षा प्रणाली से हटकर छात्रों को करते हुए सीखने (Learning by Doing) की दिशा में प्रेरित करता है। यह पद्धति छात्रों के मनोवैज्ञानिक विकास, तार्किक चिंतन और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देती है। कार्यक्रम के दौरान छात्र तनवीर, सहमा और हारिश ने झालर निर्माण में उल्लेखनीय रुचि दिखाई, वहीं अन्य छात्रों ने भी मिट्टी के दीयों को सजाने व उन्हें आकार देने में रचनात्मकता का परिचय दिया।

**शिक्षकों की प्रेरणा और मार्गदर्शन:** श्रीमती साधना सिंह ने बताया कि 'छात्रों को जब कुछ अपने हाथों से बनाने का अवसर मिलता है, तो वे उसमें अपने मन, मस्तिष्क और भावनाओं का जुड़ाव दिखाते हैं। यह केवल एक गतिविधि नहीं बल्कि सीखने की एक सशक्त प्रक्रिया है।' विद्यालय के प्रधानाचार्य ने भी कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा, 'आज की शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। हमें छात्रों को सोचने, करने और समझने के व्यावहारिक अवसर देने होंगे। हम भविष्य में और भी ऐसी गतिविधियाँ आयोजित करेंगे, ताकि छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सके।'

**छात्रों में दिखा उत्साह:** कार्यक्रम के दौरान छात्रों में गजब का उत्साह देखने को मिला। उन्होंने रंग-बिरंगे कागजों से झालर बनाईं, मिट्टी के दीयों को अपनी कल्पनाओं से सजाया और पूरे आयोजन में सक्रिय भागीदारी की। इस गतिविधि ने न केवल उनकी रचनात्मकता को उड़ान दी, बल्कि एकता, धैर्य और सौंदर्यबोध का भी विकास किया। प्रधनाचार्य ने कहा कि अल्फारूक पब्लिक स्कूल की यह पहल निश्चित रूप से ग्रामीण शिक्षा के परिदृश्य में एक सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक प्रभावी कदम है। इस प्रकार की गतिविधियाँ यदि नियमित रूप से विद्यालयों में कराई जाएँ, तो छात्रों की प्रतिभा निखरकर सामने आएगी और वे शिक्षा को बोझ नहीं, एक उत्सव के रूप में अनुभव करेंगे।

## डा.तोगड़िया के आह्वान पर अहिप व राबद ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

**◆ जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग को लेकर जुटे तमाम कार्यकर्ता**

**◆ दो से अधिक बच्चे पैदा करने पर पति-पत्नी को हो कारावास: अजय पाण्डेय**

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. प्रवीण भाई तोगड़िया के आह्वान पर परिषद सहित राष्ट्रीय बजरंग दल ने देश के प्रधानमंत्री के नाम सम्बोधित मांगों का ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। शुक्रवार को सौंपा गया ज्ञापन जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने का रहा जिसका नेतृत्व में अहिप जिलाध्यक्ष अजय पाण्डेय ने किया। इस मौके पर श्री पाण्डेय ने कहा कि आज भारत के किसी भी प्रदेश में हिन्दू समाज सुरक्षित नहीं है। हिन्दुओं के सभी त्योहारों पर देश के किसी न किसी हिस्से या किसी न किसी शहर में हमले होते हैं तथा शोभायात्राओं पर भी हमले होते हैं। पिछले दिनों में बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के दंगे में हिन्दुओं को मारा गया। पहलगाम में विशेष समुदाय ने सुनियोजित तरीके से आतंकी घटना को अंजाम दिया। बांग्लादेश में हिन्दुओं के विरूद्ध हुआ नरसंहार भी जनसंख्या में असंतुलन का ही परिणाम था। देश में बढ़ती जनसंख्या का एक बड़ा कारण बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या समुदाय की घुसपैठ बड़ा कारण है। इस घुसपैठ को रोकना और घुसपैठियों को बाहर निकालना भी जरूरी है।




जिलाध्यक्ष ने कहा कि छांगुर जैसे विदेशी धन पर धर्मांतरण करने वाले सक्रिय गिरोह भी हिन्दुओं की सुरक्षा के लिये बड़ा खतरा है। छांगुर जैसे लोगों के विरूद्ध ऑपरेशन चलाने की आवश्यकता है। इन घटनाओं को देखते हुये वर्तमान में बहुसंख्यक हिन्दू समाज अपने धार्मिक पर्वों, सांस्कृतिक मूल्यों एवं अस्तित्व पर लगातार हो रहे हमलों के चलते गम्भीर संकट की स्थिति में है। अल्पसंख्यक कहलाने वाला विशेष समुदाय अब तेजी से बढ़कर 18 प्रतिशत होने पर ही हिन्दुओं पर हमला करता है। विशेष समुदाय की बढ़ती संख्या हिन्दुओं के लिये बहुत बड़ा खतरा बन गयी है। देश में बढ़ती आबादी एवं जनसंख्या से आने वाले गम्भीर खतरों को देखते हुये भारत सरकार को जनसंख्या नियंत्रण करने हेतु कठोर कानून बनाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति एक या एक से अधिक पत्नियों से दो से ज्यादा बच्चे पैदा करता है तो उस पति–पत्नी को आजीवन कारावास जैसे कठोर दण्ड का प्रावधान किया जाय। साथ ही उसके परिवार को मिलने वाली सभी शासकीय सुविधाओं को प्रतिबंधित करते हुये मताधिकार भी समाप्त किया जाय। ऐसे कठोर दण्ड के डर से देश में बढ़ती आबादी पर रोक लगायी जा सकती है। सरकार से मांग है कि अवैध बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या घुसपैठियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये अविलम्ब उन्हें देश से निष्कासित किया जाय। अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद की यह मांग भारत में केवल हिन्दुओं की सुरक्षा के लिये नहीं, अपितु भारत के विकास और समृद्धि के लिये भी आवश्यक है। ऐसा कठोरतम कानून बनने से भारत के विकसित राष्ट्र बनने का सपना शीघ्र पूरा होगा। ज्ञापन सौंपते हुये जिलाध्यक्ष अजय पाण्डेय ने कहा कि इसी अपेक्षा के साथ जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री से अपील है कि यदि देश की जनसंख्या नियंत्रण पर कठोर कानून बनाकर जल्द से जल्द लागू नहीं किया गया तो बांग्लादेश जैसे हालात यहां भी पैदा हो सकते हैं।

इस अवसर पर डा. वीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रान्त कार्याध्यक्ष काशी प्रान्त, प्रभाकर तिवारी उपाध्यक्ष हिन्दू एडवोकेट फोरम काशी प्रान्त के अलावा चन्द्रभूषण द्विवेदी विभागाध्यक्ष, रघुवंश यादव विभागाध्यक्ष पूर्व सैनिक परिषद, रामप्रीति मिश्रा फलाहारी महराज विभाग धमार्चार्य प्रमुख, दीनानाथ शुक्ला जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय किसान परिषद, जितेन्द्र बहादुर सिंह जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल, आजाद शुक्ला, जिला महामंत्री पवन राय, कृष्ण कुमार उपाध्याय, आशीष श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष, मंजीत चौहान अध्यक्ष करंजाकला, सुनील कुमार, सुनीत सिंह, ओम प्रकाश जलालपुर, दीपक वर्मा, संन्तोष मिक्षा, वीरेन्द्र तिवारी, सुधीर कुमार, लालजी यादव, अरविन्द भोज्यवाल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## नारी सशक्तिकरण एवं वंचित समाज के आत्मसम्मान का प्रतीक है फूलन देवी: राकेश मौर्य

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी जौनपुर ने वीरांगना फूलन देवी जी की पुण्यतिथि जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में होटल रिवर व्यू में मनाते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया।सर्वप्रथम उपस्थित सपाजनों ने वीरांगना स्व. फूलन देवी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उक्त अवसर पर गोष्ठी आयोजित कर उनके साहसी जीवन पर चर्चा की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि फूलन देवी आधुनिक युग की महिलाओं के लिए आईकान हैं। फूलन देवी के ऊपर जितना जुल्म, ज्यादती, बर्बरता उस समय सामंतवादी लोगों के द्वारा हुई वह हम आप लोग सोच भी नहीं सकते, लेकिन फूलन देवी मल्लाह समाज में जन्मी बहुत ही निडर, साहसी, बहादुर, हिम्मती महिला थी। उन्होंने हार नहीं मानी और अपने ऊपर हुए बर्बरता का जुल्म, अत्याचार, बलात्कार का बदला लेने का काम किया। कई सालों तक जंगल का सफर रहा। लेकिन उन्होंने सरकार को अपनी शर्त मनवा कर सरेंडर करने का काम किया। लेकिन दुर्भाग्य से सामंतवादी लोगों का फूलन का आगे बढ़ना रास नहीं आया और 25 जुलाई 2001 को देश की सबसे बड़ी सुरक्षित जगह पार्लियामेंट से अपने आवास जाते समय गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। मरणोपरांत उन्हें राजकीय सम्मान से भी वंचित कर दिया गया।



ऐसे में श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव ने जो सम्मान फूलन देवी जी को दिया था वही सम्मान पुनः प्राप्त करने के लिए अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में पीडीए एकजुटता के लिए पीडीए आंदोलन को सफल बनाना और 2027 में पीडीए सरकार बनाना आवश्यक हो गया है। गोष्ठी को पूर्व मंत्री श्रीराम यादव, पूर्व मंत्री दीपचंद सोनकर, पूर्व एमएलसी लल्लन प्रसाद यादव, पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री संगीता यादव, वरिष्ठ नेता दीपचंद राम, प्रदेश सचिव राजेश यादव, वरिष्ठ नेता राजकुमार बिंद, डॉ.राजीव रत्न मौर्य, श्यामबहादुर पाल, रमापति यादव, राकेश अहीर, रंजना साहनी जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ वीआईपी पार्टी, मालती निषाद, दीनानाथ सिंह, डॉ.जंगबहादुर यादव, रामकेश बिंद, वीरेंद्र यादव आदि ने संबोधित किया।उक्त अवसर पर हिसामुद्दीन शाह, हीरालाल विश्वकर्मा, अनवारूल हक गुड्डू, महावीर यादव, ऊषा जायसवाल, नेपाल यादव, डॉ.शबनम नाज, लक्ष्मीशंकर यादव, जयप्रकाश यादव प्रिंसु, ऋषि यादव, प्रवीण यादव वीरू, अजय विश्वकर्मा, सुशीला यादव, शिवांगी यादव, दिलीप प्रजापति, अशोक नायक, आनंद गुप्ता, गुड्डू सोनकर, धर्मेंद्र सोनकर, अरविंद सोनकर, प्रदीप पाल, अरविंद यादव, धीरज बिंद, रविन्द्र मौर्य, विक्रमादित्य बिंद, आलोक सिंह यादव, गुलाब यादव, विकास यादव, आरिफ एडवोकेट, राजमन यादव, रितेश कुमार बिंद, राजेश यादव, शिल्पा जायसवाल सहित सैकड़ों सपाजन उपस्थित रहे।गोष्ठी का संचालन ज़िला महासचिव आरिफ हबीब ने किया।

## संदिग्ध हालात में विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप**

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र के बंजारी गांव में दो बच्चियों की मां रवीना सरोज की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रारंभिक तौर पर इसे आत्महत्या बताया जा रहा है, लेकिन मृतका के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए ससुरालजनों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

मूल रूप से भदोही जनपद के भगवानपुर गांव निवासी मृतका रवीना सरोज की शादी लगभग नौ वर्ष पूर्व मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के मनापुर बंजारी गांव निवासी गौतम सरोज से हुई थी। गुरुवार की भोर में लगभग 4 बजे रवीना के पति गौतम सरोज ने मायके वालों को सूचना दी कि रवीना ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

सूचना मिलते ही जब परिजन ससुराल पहुंचे, तो वहां रवीना का शव पहले ही पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा चुका था। इस पर मायके पक्ष ने आक्रोश जताया और जमालापुर पुलिस चौकी पर दो दर्जन से अधिक परिजन पहुंचकर ससुराल पक्ष पर बिना सूचना के शव भेजने का आरोप लगाते हुए हत्या की आशंका जताई। मृतका रवीना की दो बेटियां हैं। पक्षी (5 वर्ष) और इच्छा (4 वर्ष)। घटना की जानकारी होते ही रामपुर थाना प्रभारी देवानंद रजक, जमालापुर चौकी प्रभारी गोपालापुर, तथा चौकी इंचार्ज महंगू यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को शांत कराया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्परता से कार्रवाई की और शव को नियमानुसार पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं, मृतका के मायके वालों ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है।

## सात महीने बाद सिद्धेश्वर महादेव की हुई विधि-विधान से पूजा-अर्चना

**डॉ. एस.के.मिश्र**

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के मदनपुरा स्थित प्राचीन सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में शुक्रवार को पूजा अर्चना किया गया। विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष राजेश मिश्रा के नेतृत्व में मूर्ति को स्नान कराया गया।



इसके बाद जलाभिषेक कर मूर्तियों पर माला फूल चढ़ाया कर आरती की गई। साथ ही फल और मिष्ठान का भोग लगाया गया। खबर है कि सात महीने बाद मदनपुरा में सिद्धिश्वर महादेव मंदिर का ताला एक बार फिर खोला गया है। बृहस्पतिवार को विहिप कार्यकताओं ने मंदिर में सफाई की। इधर, शुक्रवार से मंदिर में पूजा शुरू हो गई। मंदिर का ताला खुलते ही पूरा परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा।

## जिला चिकित्सालय जौनपुर परिसर में डॉक्टर, फार्मासिस्ट ड्यूटी कक्ष के निर्माण कार्य का लोकार्पण

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह 'प्रिन्शू' द्वारा जिला चिकित्सालय जौनपुर परिसर में डॉक्टर, फार्मासिस्ट ड्यूटी कक्ष के निर्माण कार्य का लोकार्पण जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह सहित अन्य की उपस्थिति में फीता काटकर किया गया। लोकार्पण के पश्चात सदस्य विधान परिषद ने कहा कि आमजनमानस को बेहतर चिकित्सकीय सुविधाएं मिल सके यह शासन की प्राथमिकता है। इसी क्रम में आज विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजना अन्तर्गत जिला चिकित्सालय परिसर में 20 लाख की लागत से डाक्टर, फार्मसिस्ट ड्यूटी कक्ष का लोकार्पण किया गया है। जिससे चिकित्सकीय सुविधा देने में चिकित्सकों को आसानी होगी तथा चिकित्सकीय व्यवस्था में भी सुधार होगा।इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सदस्य विधान परिषद द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर में चिकित्सकों के बैठने के लिए नियत स्थान की उपलब्धता को सुनिश्चित कराने के लिए अपने निधि से 20 लाख रुपए देकर जीणोद्धार एवं निर्माण कराया गया है। जिसके बनने से इमरजेंसी के दौरान भी चिकित्सकों को यहां पर नियमित रूप से बैठने की सुविधा मिल सकेगी और किसी भी प्रकार की आकस्मिकता की स्थिति में भी चिकित्सक के द्वारा बेहतर सुविधा प्रदान करना आसान हो जाएगा। इसके लिए उन्होंने सदस्य विधान परिषद का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि चिकित्सकीय सुविधाओं के संदर्भ में इस प्रकार की, जहां कही भी कमियॉ व्याप्त हैं जिला प्रशासन को इससे अवगत कराये तथा जो भी मरीज आते हैं उनको बेहतर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।



## सपा जिला कार्यालय सोनभद्र पर वीरांगना फूलन देवी की शहादत दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

सोनभद्र(उत्तरशक्ति)। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय सोनभद्र पर वीरांगना फूलन देवी की शहादत दिवस मनाई गई और श्रद्धांजलि अर्पित किया गया जिसकी अध्यक्षता पार्टी जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव ने किया और संचालक जिला महासचिव मोहम्मद शईद कुरैशी ने किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि वीरांगना फूलन देवी हमेशा अत्याचार व शोषण के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने वाली महिला थी। उन्होंने हमेशा उत्पीड़न और अन्याय के खिलाफ नारी शक्ति की प्रतिक थी। इसलिए समाजवादी पार्टी के एक-एक कार्यकताओं की जिम्मेदारी है कि समाजवादी पार्टी की नीतियों पर चलते हुए अन्याय के खिलाफ लड़ने का काम करें।



## करंट की चपेट में आने से एक विवाहिता की मौत

सोनभद्र(उत्तरशक्ति)। रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के छपका गांव में शुक्रवार सुबह करंट की चपेट में आने से एक विवाहिता की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विवाहिता सुबह टहलने के बाद घर लौटी थी। इसी दौरान वह कमरे में रखे कूलर पर सूखने के लिए रखे कपड़े को हटाने लगी, तभी वह करंट की चपेट में आ गई। घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। अचानक हुई इस हादसे से परिवार में कोहराम मच गया है।

## बदलापुर पुलिस ने तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

बदलापुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना बदलापुर पुलिस टीम द्वारा एक आरोपी को एक तमंचा .315 बोर व एक जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ किया गया गिरफ्तार। प्र0नि0 बदलापुर के नेतृत्व में थाना बदलापुर पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर एक आरोपी दिव्यान्श जायसवाल पुत्र कृष्णकान्त जायसवाल निवासी ग्राम सरोखनपुर थाना बदलापुर जनपद जौनपुर को एक तमंचा .315 बोर व एक जिन्दा



कारतूस .315 बोर के साथ दिनांक 25.07.2025 को ऊदपुर गेल्हवा की तरफ से बदलापुर की ओर जाने वाले नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## वाराणसी को एक और वंदेभारत की सौगात, 27 अगस्त से शुरू होगा संचालन

### हापुड़ जंक्शन पर शाम 8.10 बजे पहुंचेगी और रात 8.12 बजे मेरठ के लिए होगी रवाना

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। मेरठ से लखनऊ के बीच चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस अब अयोध्या होते हुए वाराणसी तक चलाई जाएगी। वहीं हापुड़ स्टेशन पर भी इसका ठहराव होगा। इससे यात्रियों को काफी सहूलियत होगी। मेरठ लखनऊ वंदे भारत का विस्तार कर उसे वाराणसी तक चलाया जाएगा। 22489 मेरठ लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस 27 अगस्त को वाराणसी से मेरठसिटी के लिए आएगी। आते समय हापुड़ जंक्शन पर शाम 8.10 बजे पहुंचेगी और रात 8.12 बजे मेरठ के लिए रवाना होगी। अभी तक वंदे भारत एक्सप्रेस मेरठ से लखनऊ तक चलती है। इसको काफी समय से वाराणसी तक विस्तारित करने और हापुड़ में स्टॉपेज की मांग की जा रही थी। फिलहाल वंदे भारत लखनऊ से चलकर 8.58 बजे हापुड़ पहुंचती है। वहीं 9 बजे मेरठ सिटी के लिए रवाना होती है। मेरठ सिटी स्टेशन से लखनऊ जाते समय वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह 7.08 मिनट पर पहुंचेगी। दो मिनट रुकने के बाद 7.10 बजे लखनऊ के लिए रवाना हो जाएगी।








## शिक्षा मंत्री मदन दिलावर संस्कृत दिवस समारोह में डॉ. रतन सिंह शेखावत को संस्कृत युवा प्रतिभा विद्वता पुरस्कार से किया सम्मानित



**चिराणा (उत्तरशक्ति)।** बहुमुखी प्रतिभाओं की धरती हमेशा से ही रहा है इसी कडी मे संस्कृत शिक्षा विभाग, राजस्थान द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले संस्कृत दिवस समारोह में इस बार प्रदेश के विख्यात युवा विद्वान एवं साहित्यिक डॉ. रतन सिंह शेखावत को ₹संस्कृत युवा प्रतिभा विद्वता पुरस्कार₹ से उदयपुर में शिक्षा मंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा। डॉ. शेखावत का यह चयन उनकी संस्कृत भाषा में रचित चर्चित कृति ₹मोदी शतकम₹ के लिए किया गया है, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व और कृतित्व का शतकबद्ध काव्य रूप में अद्भुत चित्रण किया है। यह गरिमामय सम्मान 07 अगस्त 2025 को उदयपुर सिटी में आयोजित संस्कृत दिवस समारोह में शिक्षा मंत्री श्रीमान मदनलाल जी दिलावर के सानिध्य में प्रदान किया जाएगा। संस्कृत जगत में डॉ. शेखावत के इस चयन को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। उनकी रचना ने न केवल संस्कृत साहित्य को एक नया आयाम प्रदान किया है, बल्कि युवाओं में संस्कृत भाषा के प्रति नई चेतना भी जागृत की है।

## भगवान शिव के पुत्र कार्तिकेय की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा



**चिराना।** पहाड़ी पर स्थित श्री कैलाशपुरी महादेव मंदिर में समाजसेवी छगनलाल बारी द्वारा भगवान शिव परिवार के सदस्य कार्तिकेय की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुक्रवार को पंडित मनोज शास्त्री के सानिध्य में पुलकित शर्मा व प्रदीप शर्मा के मंत्रौच्चारण के साथ विधि विधान से किया गया। कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम मूर्ति को नगर भ्रमण करते हुए मंदिर तक लाया गया जलाअभिषेक व सर्व मंगल मंगल कामना हेतु हवन किया। मुख्य यजमान विश्वास बारी व उनकी धर्मपत्नी दीक्षा बारी रहे। भगवान शिव के परिवार को प्रसादी का महा भोग लगाकर राहगीरों व आए हुए मेहमानों में वितरण किया गया। आयोजक छगन बारी ने बताया कि मंदिर स्थापना के समय लगाई गयी शिव पुत्र कार्तिकेय कि मूर्ति खंडित हो गयी थी जिसका जिर्णोद्धार के रुप में नयी मूर्ति कि स्थापना विधिवत कि गयी है। इस दौरान सोहनलाल सेन, वीरेंद्र सिंह शेखावत, राजेंद्र योगी,राजेंद्र प्रसाद बारी,अनिल बारी,रविकांत गुप्ता ,राकेश अग्रवाल,राजेश सिंह ,संजय बारी,राकेश कुमावत,चेतन कुमावत,विनोद बारी,रणजीत सिंह,शिवा बारी , प्रियांशु बारी,आर्यन बारी सहित कई गणमान्य लोग व महिलाएं मौजूद रहें।

## भाजपा सचिव मनोज शर्मा का जन्मदिन मनाया गया



**वसई रोड।** वसई रोड पश्चिम स्थित भाजपा कार्यालय (वॉर्ड 97) में भाजपा सचिव मनोज शर्मा का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता, पदाधिकारी, तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित हुए। सभी ने मनोज शर्मा को उनके जन्मदिवस पर लंबी और स्वस्थ आयु की शुभकामनाएं दीं और उनके सामाजिक व राजनीतिक योगदान की सराहना की। मनोज शर्मा ने केक काटकर उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, आप सभी के स्नेह और आशीर्वाद से ही मैं सेवा पथ पर आगे बढ़ता रहूंगा। कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## दीप अमावस्या के अवसर पर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन



**मुंबई।** महात्मा फुले शिक्षण संस्था द्वारा संचालित राजे शिवाजी महाराज विद्यालय (प्राथमिक विभाग), धारावी में दीप अमावस्या के पावन अवसर पर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर संस्था के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बाबूराव माने, संस्था के सचिव दिलीप शिंदे, विद्यालय की मुख्याध्यापिका श्रीमती स्वाति होलमुखे, प्राथमिक विभाग की मुख्याध्यापिका श्रीमती श्रद्धा माने तथा दिलीप ढाढस सहित अनेक मान्यवर उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों तथा परंपराओं के प्रति आदरभाव जागृत करना था। दीप प्रज्वलन के माध्यम से अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होने का संदेश भी विद्यार्थियों को दिया गया।

## जौनपुर में स्कूल से घर लौट रही बारहवीं की छात्रा को दबंग ने मारपीट कर किया घायल

**गौराबादशाहपुर, जौनपुर(उत्तरशक्ति)।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के नैपूरा गांव में विद्यालय से घर वापस आते समय रास्ते में दबंग ने एक छात्रा को मारपीट कर घायल कर दिया। छात्रा ने गौराबादशाहपुर थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। नैपूरानिवासी ईशु पुत्री मदनलाल ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह विद्यालय से एक बजे घर वापस जा रही थी तभी रास्ते में कौवापार निवासी सौरभ यादव ने उसे रोक लिया और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया, जिससे मैं मौके पर बेहोश हो गई। बाद में सूचना पर पहुंचे घर वाले उसे उठाकर घर ले गए। मारपीट में आंख पेट और पीठ पर चोट लगी है जाते-जाते सौरभ यादव ने जान से मारने की धमकी भी दिया है। पूर्व में भी वह छात्र के साथ मारपीट कर चुका है जिसे सुलह समझौते से निपटा दिया गया था। इस संदर्भ में पूछे जाने पर थाना अध्यक्ष फूलचंद पांडे ने बताया कि यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है, जिसके चलते मारपीट हुई है। मौके पर पुलिस गई है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर, अपना दल की बभनी में संगठनात्मक बैठक सम्पन्न



**बभनी, सोनभद्र (उत्तरशक्ति)।** पंचायत चुनाव की तैयारियों और संगठन के विस्तार को लेकर अपना दल (एस) की मासिक बैठक शुक्रवार को बभनी विकास खंड के दक्षिणांचल इंटर कॉलेज के समीप सम्पन्न हुई। यह बैठक दुद्धी विधानसभा के दक्षिण जोन के कार्यकताओं को संगठित करने और आगामी चुनावों की रणनीति तय करने के उद्देश्य से बुलाई गई थी। बैठक के मुख्य अतिथि मान सिंह ने कहा कि संगठन सर्वोपरि है। उन्होंने पंचायत चुनाव को मजबूती से लड़ने हेतु पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल लगातार वंचितों, दलितों और पिछड़ों की आवाज को संसद में मजबूती से उठा रही हैं। विशिष्ट अतिथि बाबू राम गुप्ता और जय प्रकाश जायसवाल ने संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के लिए नियमित मासिक बैठकों और जोन, सेक्टर स्तर पर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे निरंजन जायसवाल ने कहा कि कार्यकर्ता पंचायत चुनाव को लेकर पूरी तरह से तैयार रहें और गांव-गांव जाकर पार्टी की नीति एवं योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। बैठक के दौरान डॉ. सरयू प्रसाद गुप्ता को पूर्वी विंढमगंज जोन का अध्यक्ष घोषित किया गया, जिसका उपस्थित कार्यकताओं ने स्वागत किया। इस मौके पर मौजूद विधानसभा क्षेत्र उपाध्यक्ष उदित नारायण पटेल, लवकुश चंद्रवंशी, दक्षिणी जोन अध्यक्ष राजपाल सिंह कुशवाहा, पश्चिमी जोन अध्यक्ष लाल बिहारी पटेल, चिकित्सा मंच विधानसभा अध्यक्ष सुधीर कुमार, सुरेंद्र कुमार शर्मा, रत्नेश केसरी सहित कई अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जूस पिलाकर भाजपा नेता ने समाप्त कराया अनिश्चितकालीन अनशन




**सुजानगंज, जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** क्षेत्र के शिवरिहा गांव में सपा विधायक मुंगरा बादशाहपुर ने आरोप लगाया था कि विभाग और ठेकेदार की मिलीभगत से इस गांव की तेईस सौ मीटर सड़क का बिना निर्माण कार्य हुए ही 26 लाख रुपए निकाल लिए गए थे। जिसके बाद से ही ग्रामीण आक्रोशित हो उठे. सौरभ यादव, रिंकू यादव, दीपक मिश्र, मल्कू यादव, रविन्द्र यादव समेत अन्य ग्रामीण अनशन पर बैठ गए थे। ग्रामीणों की मांग थी कि सड़क का विशेष मरम्मत कार्य हो और ऐसा भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो। जिसके बाद निर्माण खंड लोक निर्माण विभाग अवर अभियंता अमित कुमार सिंह और प्रमुख पति श्रीप्रकाश शुक्ल मौके पर पहुंचे। अवर अभियंता अमित कुमार सिंह ने बताया कि कल से इस सड़क का कार्य प्रारंभ हो जाएगा और खुद ही मेरी देख रेख में यह सड़क बनाई जाएगी. उन्होंने ग्रामीणों को यह बात लिखित रूप से दी। प्रमुख पति श्रीप्रकाश शुक्ल ने अपने हाथों से अनशन पर बैठे ग्रामीणों को जूस पिलाकर अनशन समाप्त करवाया।

## बिना पहचान के सड़कों पर दौड़ रहे ऑटो और ई-रिक्शा

**रानी की सराय।** आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने और अनधिकृत वाहनों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा ई-रिक्शा और ऑटो चालकों के लिए पहचान से संबंधित जानकारी अंकित करने का आदेश जारी किया गया था। इसमें यह स्पष्ट किया गया था कि हर वाहन पर चालक का नाम, आधार नंबर और मोबाइल नंबर अंकित होना अनिवार्य है ताकि किसी भी आपराधिक या आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। प्रशासनिक निदेर्शों के बावजूद शहर की सड़कों पर बिना पहचान वाले ई-रिक्शा और ऑटो की भरमार है। अधिकतर वाहनों पर न तो चालक का नाम लिखा है, न ही कोई संपर्क नंबर या आधार विवरण अंकित है।

## मेडिकल कॉलेज जौनपुर में फिजियोलॉजी विभाग द्वारा Physiophantom कार्यक्रम का आयोजन

**जौनपुर(उत्तरशक्ति)।** मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ. रुचिरा सेठी के दिशा निर्देश में Physiology विभाग के विभागाध्यक्ष डा० संजीव कुमार यादव द्वारा दिनांक 25 जुलाई 2025 को फिजियोलॉजी विभाग के क्लीनिकल लैब में Physiophantom नामक एक विशेष शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्बोधन में प्रो. रुचिरा सेठी, प्राचार्य, उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जौनपुर ने कहा कि –

Physiophantom जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को चिकित्सकीय ज्ञान की गहराइयों से जोड़ते हैं। केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक अनुभव और वैज्ञानिक सोच भी एक कुशल चिकित्सक के निर्माण में अत्यंत आवश्यक हैं। ऐसे आयोजनों से छात्रों में आत्मविश्वास, प्रस्तुति कौशल और टीमवर्क की भावना विकसित होती है। मैं डॉ. संजीव कुमार यादव और उनकी टीम को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई देती हूँ और आशा करती हूँ कि भविष्य में इस प्रकार के और भी नवोन्मेषी कार्यक्रम हमारे महाविद्यालय में आयोजित होते रहेंगे।उन्होंने उपस्थित निर्णायकों, विभागीय शिक्षकों और विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उन्हें इस शैक्षणिक यात्रा में निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सकीय छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और नवाचार से जोड़ना था।कार्यक्रम के निर्णायक के रूप में डॉ. आशीष यादव, डॉ. भारती यादव, डॉ. विनोद बिंद, डॉ. सरिता पांडे और डॉ. राजश्री यादव उपस्थित रहे।इस अवसर पर महाविद्यालय के चिकित्सक डॉ. चंद्रभान, डॉ. आदर्श यादव, डॉ. बृजेश, डॉ. अजय यादव , डॉ. मुदित चौहान, डॉ. पूजा पाठक एवं डॉ. नवीन कुमार, डॉ. अनिल, डॉ. कुलदीप गुप्ता, डॉ. आसिफ, डॉ. उस्मान, डॉ. मतिन अहमद, डॉ.प्रतीक सिंह, डॉ. शाकिर हामिद एवं डॉ. दिग्वेश यादव तथा कार्यक्रम में टइइर के पैरा 4 (प्रथम वर्ष) के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस आयोजन के संयोजक विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार यादव, फिजियोलॉजी विभाग के कुशल नेतृत्व में यह कार्यक्रम ज्ञानवर्धक और सफल सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए, जिससे छात्रों में उत्साह और गर्व की भावना देखी गई। यह आयोजन न केवल शैक्षणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में भी एक प्रेरक पहल साबित हुआ।



## टाटा हिताची ने लांच किया शिनराय प्राइम सीईवी 5

**पटना (उत्तरशक्ति)।** भारतीय कंस्ट्रक्शन मशीन उद्योग की अग्रणी कम्पनी टाटा हिताची ने शिनराय प्राइम सीईवी 5 लॉन्च करने की घोषणा की। शिनराय प्राइम सीईवी 5 लॉन्च का आयोजन 25 जुलाई को द पैनाचे बैंक्वेट्स सगुना मोर, पटना में हुआ। इस अवसर पर सम्मानित ग्राहक, टाटा हिताची और शंकर इक्विपमेंट लिमिटेड के वरिष्ठ प्रबंधन सभी की उपस्थिति थी। शिनराय प्राइम सीईवी 5 कंस्ट्रक्शन और उत्खनन से लेकर कृषि और ट्रेंचिंग तक विभिन्न उपयोगों के लिए डिजाइन किया गया है। इस लॉन्च के अवसर पर टाटा हिताची के महाप्रबंधक- मार्केटिंग श्री सिद्धार्थ चतुवेर्दी ने कहा- शिनराय प्राइम सीईवी 5 लॉन्च करते हुए हमें एक ऐसी मशीन पेश करने का गर्व है जिसमें एक साथ कार्य प्रदर्शन] विश्वसनीयता और सस्टेनेबलिटी जैसे सभी गुण हैं। यह खास कर भारतीय ग्राहकों की बदलती जरूरतों के लिए डिजाइन किया गया है। ग्राहकों का मन निश्चिंत रखने के लिए टाटा हिताची के असली स्पेयर पाट्र्स] सब से सही जगह पर वेयरहाउस और बिक्री के बाद जल्द सहायता के लिए फील्ड डायग्नोस्टिक वाहन सेवा में तत्पर हैं।

## ट्रॉमा सेंटर और जिला अस्पताल के लिए शेष धनराशि तत्काल जारी की जाएः डॉ. हेमंत सावरा



**पालघर।** पालघर लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. हेमंत विष्णु सावरा ने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती देने के लिए केंद्र सरकार से दो महत्त्वपूर्ण मांगें रखी हैं। इसके तहत उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए मनोर ट्रॉमा सेंटर और पालघर जिला अस्पताल परियोजनाओं के लिए लंबित वित्तीय सहायता की तत्काल स्वीकृति का आग्रह किया है।120 करोड़ की इस परियोजना के लिए पहले ही 63 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है। लेकिन शेष 57 करोड़ की राशि अब तक अटकी हुई है, जिससे निर्माण कार्य ठप हो गया है। सांसद सावरा ने बताया कि बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और आपातकालीन सेवाओं की कमी के चलते यह ट्रॉमा सेंटर अत्यावश्यक है।

पालघर जिला अस्पताल के लिए 148.28 करोड़ की अतिरिक्त निधि की मांग प्रारंभिक लागत 209.11 करोड़ थी, परन्तु नई डीएसआर दरों, जीएसटी और निर्माण सामग्री की बढ़ती लागत को देखते हुए अब परियोजना लागत 357.39 करोड़ हो गई है। इसलिए 148.28 करोड़ की अतिरिक्त स्वीकृति अनिवार्य है। सांसद डॉ. सावरा ने कहा कि पालघर जिले के नागरिकों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएँ उनके ही क्षेत्र में मिलनी चाहिए। उन्हें मुंबई, ठाणे या अन्य शहरों में जाने की मजबूरी न हो। यह उनके मौलिक अधिकारों में आता है और मैं इसके लिए सतत प्रयासरत हूँ।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में निष्पादन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई संपन्न



**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में निष्पादन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। गंगा नदी की सहायक नदियों यथा वरूणा नदी एवं बसुही नदी की बहाली एवं कायाकल्प हेतु मा० राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में आयोजित निष्पादन समिति की बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग द्वारा बताया गया कि जनपद में बसुही नदी ग्राम-भीलमपुर से निकलकर (रामपुर-गोपालपुर लिंक मार्ग) होते हुए मड़ियाहूँ के पास में जादूपुर, सरवा में वरूणा नदी में मिलती है। बसुही नदी के डी-सिल्टिंग का कार्य, तटों का सुदृढीकरण एवं बसुही नदी एवं वरूणा नदी के संगम से 100 मीटर पूर्व कन्स्ट्रक्टेड वेटलैंड का निर्माण कार्य सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग एवं नदी के तटों पर वन विभाग द्वारा वृक्षारोपड़ किया जाना है। जिलाधिकारी द्वारा प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग को बसुही नदी के दोनों बैंको पर और अधिक वृक्षारोपण किये जाने एवं अधिशासी अभियंता, सिंचाई खण्ड सुल्तानपुर को डी०पी०आर० स्वीकृति हेतु अग्रिम कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, सिंचाई विभाग, वन विभाग, जल निगम, शहरी विकास विभाग, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन (एस०एम०सी०जी०), उत्तर प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## संजीवनी स्कूल का भव्य शुभारंभ, विशेष बच्चों के लिए आशा की एक नई शुरुआत स्नेहा दुबे के द्वारा उद्घाटन संपन्न



**वसई।** नाजरेथ कॉन्वेंट हाई स्कूल, सुयोग नगर में आज संजीवनी स्पेशल स्कूल का उद्घाटन गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्नेहा दुबे पंडित ने स्कूल का शुभारंभ किया। यह विशेष विद्यालय उन बच्चों के लिए समर्पित है जिन्हें विशेष शैक्षणिक आवश्यकताएँ हैं। संजीवनी का उद्देश्य इन बच्चों को एक सशक्त शैक्षणिक मंच प्रदान करना है, जहाँ नवीनतम तकनीक, उन्नत शिक्षण विधियाँ और संवेदनशील, प्रशिक्षित शिक्षक उनकी शिक्षा को एक नई दिशा देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सी. मैरी और स्कूल की प्रबंधक सिस्टर एलिजाबेथ ने की। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से गरिमा बढ़ाई, जिनमें महेश सरवणकर, दीपक शर्मा, संतोष कक्कड़, पत्रकार नरेंद्र सोनी, गोपी मेमन, अपर्णा पाटिल, भूपेश राऊत सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षकगण, पत्रकार एवं स्थानीय नागरिक शामिल थे। समारोह में उपस्थित जनसमूह की सक्रिय भागीदारी और सहयोग से यह कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। संजीवनी स्पेशल स्कूल निश्चित ही विशेष आवश्यकता वाले छात्रों और उनके परिवारों के लिए आशा की एक नई किरण सिद्ध होगा।

## सिद्धिश्वर महादेव मंदिर में फिर गूंजे जयघोष

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी (उत्तरशक्ति)।** काशी की सांस्कृतिक आत्मा एक बार फिर जागी है। 15 वर्षों से बंद पड़े प्राचीन सिद्धिश्वर महादेव मंदिर में सात महीने के अंतराल के बाद शुक्रवार को विधिवत पूजा-अर्चना शुरू की गई। मंदिर परिसर ₹हर-हर महादेव₹ के जयघोषों से गूंज उठा। यह केवल एक पूजन अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण था–आस्था की लौ का फिर से जल उठना। सिद्धिश्वर महादेव मंदिर का पुनः उद्घाटन न केवल मदनपुरा वासियों के लिए, बल्कि संपूर्ण काशी के लिए एक शुभ संकेत है। यह आस्था की विजय और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक है। विहिप के प्रयासों से यह पहल एक मिसाल बन रही है कि मंदिर केवल ईंट-पत्थर नहीं, बल्कि लोकआस्था और परंपरा की धुरी होते हैं। अब जरूरत है कि इसके नियमित संचालन, सुरक्षा और महादेव की नित्य पूजा सुनिश्चित हो ताकि यह केंद्र फिर से आध्यात्मिक जीवन का हिस्सा बन सके। मदनपुरा स्थित यह ऐतिहासिक मंदिर पिछले 15 वर्षों से ताले में बंद था। आखिरी बार वर्ष 2009 में पूजा हुई थी, और फिर एक लंबे इंतजार के बाद 8 जनवरी 2025 को इसे खोला गया, किंतु खरमास के कारण केवल सीमित पूजन के बाद इसे फिर से बंद कर दिया गया। उस दौरान मंदिर की सफाई में तीन खंडित शिवलिंग मिले थे, जबकि मूल शिवलिंग लापता था, जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। अब एक बार फिर बृहस्पतिवार को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने मंदिर की सफाई की और शुक्रवार को पूजा-पाठ प्रारंभ कर धार्मिक वातावरण को जीवंत कर दिया। मंदिर खुलते ही भक्तों की श्रद्धा उमड़ पड़ी। परिसर में धूप-दीप, गूंजते शंख, हर-हर महादेव के स्वर और पुष्प वर्षा ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने कहा कि ₹यह केवल मंदिर का पुनः उद्घाटन नहीं, बल्कि काशी की सांस्कृतिक चेतना का पुनर्जागरण है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि अब यह मंदिर पुनः वीरान न हो, और नियमित पूजा-पाठ हो।₹ स्थानीय श्रद्धालुओं की मानें तो सिद्धिश्वर महादेव मंदिर न केवल ऐतिहासिक महत्व का है, बल्कि इससे जुड़ी भावनाएं हर परिवार की पीढ़ियों से जुड़ी हैं। वर्षों से बंद पड़ा यह मंदिर अब पुनः आस्था की ज्योति जगाने को तैयार है। पूजा के दौरान फल, मिष्ठान, पुष्प, जल, गंगाजल, दुग्ध और पंचामृत से अभिषेक किया गया। खास बात यह रही कि आयोजन पूर्णतया सामूहिक सहभागिता और धार्मिक मयार्दा के साथ सम्पन्न हुआ।












## गाजा में भुखमरी का भयानक मंजरः 3 हफ्ते में 20 बच्चों सहित 48 लोगों की मौत

गाजा। गाजा पट्टी में भुखमरी ने अब विकराल रूप धारण कर लिया है। इजरायल की नाकेबंदी के चलते खाने-पीने की चीजों और जरूरी दवाइयों की भीषण कमी हो गई है, जिसके कारण पिछले 3 हफ़्तों में कई बच्चों सहित दर्जनों लोगों की जान चली गई है। गाजा सिटी के पेशेंट्स फ्रेंड्स हॉस्पिटल में हालात इतने बदतर हैं कि डॉक्टर बच्चों को बचाने के लिए जरूरी दवाइयाँ और पौष्टिक भोजन भी नहीं दे पा रहे हैं। पिछले हफ़्ते तो स्थिति और भी चिंताजनक हो गई, जब सिर्फ 4 दिनों में 5 छोटे बच्चे भुखमरी की वजह से दम तोड़ गए। इनमें से कोई भी बच्चा पहले से किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित नहीं था, फिर भी पोषण की कमी के कारण उनकी हालत इतनी बिगड़ गई कि उन्हें बचाया नहीं जा सका। हॉस्पिटल की न्यूट्रिशनिस्ट डॉ. राना सोबोह ने गाजा के भयानक हालातों को बयां करते हुए कहा, बच्चे इतने कमजोर हो गए हैं कि न रो पाते हैं, न हिल पाते हैं। पहले कुछ बच्चे इलाज से ठीक हो जाते थे, लेकिन अब हालात बदतर हैं। यह एक आपदा है। बच्चे दुनिया के सामने भूख से मर रहे हैं। इससे बुरा कुछ नहीं हो सकता। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, पिछले तीन हफ़्तों में भुखमरी से कुल 48 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 20 बच्चे और 28 वयस्क शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र ने भी बताया है कि इस साल अब तक 21 बच्चों की भुखमरी से मौत हो चुकी है। यूएन के विश्व खाद्य कार्यक्रम का कहना है कि करीब एक लाख महिलाएँ और बच्चे तुरंत इलाज के मोहताज हैं, लेकिन दवाइयों और खाने की कमी के कारण यह मुमकिन नहीं हो पा रहा है। पेशेंट्स फ्रेंड्स हॉस्पिटल में हर दिन 200 से 300 बच्चे इलाज के लिए आ रहे हैं। डॉ. राना ने यह भी बताया कि हॉस्पिटल के कर्मचारी भी भूखे हैं और 2 नर्सों को तो ऊर्जा के लिए ड्रिप चढ़ानी पड़ी। पिछले हफ़्ते मरने वाले 5 बच्चों में से 4 की मौत पेट की गड़बड़ी (गैस्ट्रिक अरेस्ट) से हुई, क्योंकि उनके लिए जरूरी पौष्टिक भोजन उपलब्ध नहीं था। पाँचवीं बच्ची, सिवर, जो साढ़े चार साल की थी, के शरीर में पोटैशियम की भारी कमी थी। दवाइयों के अभाव में वह भी तीन दिन बाद आईसीयू में दम तोड़ गई।

# थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा विवाद, 8 जिलों में लगा मार्शल लॉ



बैंकॉकः थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा विवाद अब गंभीर रूप ले चुका है। गुरुवार और शुक्रवार को हुई भीषण झड़पों और गोलीबारी के बाद थाईलैंड ने कंबोडिया से सटे अपने 8 जिलों में मार्शल लॉ लागू कर दिया है। थाई सेना ने दावा किया है कि कंबोडियाई सेना की ओर से भारी हथियारों का इस्तेमाल हो रहा है, जिससे आम नागरिकों की जान खतरे में पड़ गई है। थाई सेना ने चंथाबुरी के 7 और ट्राट के 1 जिले को 'संवेदनशील युद्ध क्षेत्र' घोषित किया है। इन इलाकों में सेना को पूर्ण अधिकार दे दिए गए हैं ताकि कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके। बीते कुछ हफ्तों से थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा क्षेत्र में सैन्य गतिविधियों में इजाफा देखा जा रहा था। सीमा निर्धारण और जल संसाधनों को लेकर दोनों देशों में लंबे समय से विवाद चला आ रहा है, लेकिन हाल की झड़पें अब इसे खतरनाक मोड़ पर ले आई हैं।

गुरुवार, 24 जुलाई को हुई गोलाबारी में 9 नागरिकों की मौत हो गई, जिनमें अधिकांश थाईलैंड के थे। इस झड़प में कम से कम 14 लोग घायल हुए, और इसके अगले ही दिन यानी शुक्रवार को, थाईलैंड सरकार ने सीमा क्षेत्र के 8 जिलों में मार्शल लॉ लागू कर दिया।

थाईलैंड के विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट कर दिया है कि वह किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता के पक्ष में नहीं है, और सीमा विवाद का समाधान द्विपक्षीय बातचीत से करना चाहता है। इस बयान के जरिए थाईलैंड ने चीन के मध्यस्थता प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। चीन ने गुरुवार को यह प्रस्ताव दिया था कि वह दोनों देशों के बीच सीजफायर करवाने में मदद कर सकता है।

हालांकि, कंबोडिया की ओर से युद्धविराम की पेशकश की गई है, लेकिन थाईलैंड ने इसे खारिज कर दिया है। थाई विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहाः सीजफायर की बात करना अभी जल्दबाजी होगी, जब तक कि कंबोडिया अपनी आक्रामक कार्रवाई नहीं रोकता।

मार्शल लॉ थाईलैंड के 8 सीमावर्ती जिलों में लागू कर दिया गया है – चंथाबुरी के 7 और ट्राट के 1 जिले में। गुरुवार की गोलाबारी में 9 नागरिक मारे गए, जबकि 14 घायल हुए – मरने वालों में अधिकांश थाई नागरिक थे। थाई सरकार ने सीमाएं सील कर दी हैं, और आम जनता को कंबोडिया की ओर यात्रा से रोक दिया गया है। थाई सेना ने चेतावनी दी है कि अगर हमला जारी रहा तो यह संघर्ष पूर्ण युद्ध का रूप ले सकता है। कंबोडिया के प्रधानमंत्री ने कहा कि वे सीजफायर के लिए तैयार हैं, पर थाईलैंड अभी सहमत नहीं है। अब तक 15 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जिनमें सैनिक और नागरिक दोनों शामिल हैं। 1.3 लाख से अधिक लोग सीमा क्षेत्र से सुरक्षित स्थानों की ओर स्थानांतरित किए जा चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद शुक्रवार को इस विषय पर आपात बैठक करने जा रही है।

## ग्रामीण बैंक के वित्तीय सलाहकार की बेटी ने फिलीपींस से की एम बी बी एस

सिवान (उत्तरशक्ति)। बिहार सिवान जिला अंतर्गत में लड़की डॉ श्रृष्टि कुमारी को आज 23/7/2025 को यूवी गुलास कॉलेज ऑफ मेडिसिन फिलीपींस से डॉक्टर की डिग्री मिल गई है। उसने 2019 में अपना नामांकन कराया था। वहां पर B,sc करने के बाद एडमिशन होता है। अब उसे भारत में नेक्स्ट यानी नेशनल एक्जिट टेस्ट पास करने के बाद भारत में भी 1 साल का इंटर्नशिप करना होगा। लड़की के पिता ने कहा कि उसके बाद मेरी लड़की की इच्छा NEET PG I रने का है। मेरा नाम चंद्र भूषण प्रसाद सेवा निवृत ,(वरिष्ठ शाखा प्रबंधक,महाराजगंज) वर्तमान में वित्तीय सलाहकार उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक सिवान। ग्राम पो जमा बाजार जिला सिवान वर्तमान पता आनंद नगर में रहते हैं।

## दो बाइको की आमने-सामने टक्कर में दो की मौत, एक गंभीर

मिजार्पुर(उत्तरशक्ति)। जिले के चुनार कोतवाली क्षेत्र के मूंदीपुर गांव स्थित मजार के पास भीषण हादसा हुआ। तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने दूसरी बाइक में टक्कर मार दी। दोनों बाइक सवार गंभीर रूप हुए घायल हो गए। ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के पुरनपट्टी गांव निवासी (42) अतुल कुमार सिंह उर्फ रामु अपनी पुत्री अदिति (08) को लेकर दवा लेने तम्मलपट्टी गांव गए थे। वहां से दवा लेकर वापस घर आ रहे थे। जैसे ही वे मूंदीपुर गांव स्थित मजार के पास पहुंचे तभी सामने से तेज गति से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक सवार और साथ बैठी पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें चुनार पुलिस ने गंभीर हालत देख ट्रामा सेंटर वाराणसी भेज दिया। वहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने अतुल कुमार सिंह व अज्ञात बाइक सवार को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल अदिति का उपचार चल रहा है।

## पालघर जिले के रेलवे विकास हेतु रेल मंत्री से मिले डॉक्टर सावरा



पालघर। पालघर जिले के समग्र विकास और यात्रियों की मांगों को पूरा करने हेतु, सांसद डॉ. हेमंत सावरा ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को एक विस्तृत ज्ञापन प्रस्तुत किया है, जिसमें विभिन्न महत्वपूर्ण मांगें रखी गई हैं। यह ज्ञापन जिले के नागरिकों, व्यापारियों, छात्रों और औद्योगिक क्षेत्र की इकाइयों द्वारा पिछले कुछ महीनों से लगातार सामने आ रही समस्याओं और मांगों के आधार पर प्रस्तुत किया गया है।

पश्चिम रेलवे के पत्र के अनुसार, पूर्व में की गई मांगों के अनुसार दो ट्रेनों के ठहरावों को स्वीकृत करने के लिए रेल मंत्री का विशेष आभार व्यक्त किया गया। हालाँकि, शेष दो ट्रेनों के लिए भी सकारात्मक निर्णय की उम्मीद है।

जनता की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए, ट्रेन 22901/22902 बांद्रा-उदयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस का नाम बदलकर श्री महाराणा प्रताप सुपरफास्ट एक्सप्रेस करने की माँग की गई है। बोईसर रोड स्टेशन से जुड़ी 9 ग्राम पंचायतें 2017 से यह मांग कर रही हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अगर ये मांगें पूरी हो जाती हैं, तो शिक्षा, व्यापार और संचार क्षेत्र में बड़ा बदलाव आएगा। पालघर जिले के नागरिकों, छात्रों, श्रमिकों, व्यापारियों और आम यात्रियों को सुगम, तीव्र और सुरक्षित रेल सेवा प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। स्वीकृत ठहराव निश्चित रूप से लोगों की दैनिक यात्रा में आने वाली कठिनाइयों को कम करेंगे। यह तो बस शुरूआत है। सांसद डॉ. हेमंत विष्णु सावरा ने कहा, ‟जब तक बाकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, मैं अपने वादे पर अमल करता रहूँगा और पालघर जिले के समग्र रेलवे विकास के लिए प्रतिबद्ध रहूँगा।

## स्वतंत्रता दिवस तैयारी को ले अनुमंडल प्रशासन ने की बैठक



सिवान (उत्तरशक्ति)। बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज में स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाये जाने को लेकर एसडीओ और एसडीपीओ ने अनुमंडलीय कार्यालय में गणमान्य लोगों के साथ बैठक की। बैठक में प्रशासनिक अफसर भी थे। हर्षोल्लास के साथ झंडातोलन हो, इस पर विशेष चर्चा की गई। सभी कार्यालयों व महत्वपूर्ण स्थानों के लिए अलग-अलग झंडोत्तोलन का समय तय किया गया। झंडातोलन को लेकर ऐतिहासिक स्थानों की साफ-सफाई करने और रंगरोगन कराए जाने का निर्देश नगर पंचायत व प्रखंड के वीडियो को दी गई। बोर्ड मिडिल स्कूल के मुख्य समारोह स्थल की साफ-सफाई और जमीन को झांकी के साथ-साथ परेड के लायक तैयार करने का निर्देश दिया गया। एसडीओ अनीता सिन्हा ने कार्यक्रम को शुरू करने और स्वतंत्रता सेनानियों, अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने की तैयारी की जिम्मेवारी प्रखंड के शिक्षा पदाधिकारी को दिया। एसडीपीओ अमन कुमार को पुलिस अफसरों की तैनाती करने और परेड की तैयारी कराने का जिम्मा सौंपा गया। महादलित बस्तियों में झंडोत्तोलन को लेकर अफसरों की सूची जिला मुख्यालय को उपलब्ध कराने का फैसला लिया गया। बैठक में महाराजगंज के डीसीएलआर अमन कुमार, बीडीओ बिंदु कुमार, सीओ जितेंद्र कुमार, ईओ हरिश्चंद्र, एमओ रंजन कुमार, रवि कुमार के अलावा प्रोफेसर सुबोध कुमार सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष नागमणि सिंह, वर्तमान नगर अध्यक्ष के प्रतिनिधि शक्ति शरण प्रसाद, मोहन कुमार पद्माकर, इंजीनियर अशोक कुमार गुप्ता, भाजपा नेता बली प्रसाद, जदयू नेता सत्येंद्र कुमार ठाकुर, दयानंद द्विवेदी,अरुण सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## अरंद गॉव में तेंदुआ दिखने से मचा हड़कम्प, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

### वन विभाग के अधिकारी ने कहा तेंदुए की अभी पुष्टि नही



शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। एक सप्ताह से अधिक समय से जंगली जानवर के दहशत से पूरे गॉव में एक अजीब सा डर का माहौल बना हुआ है।लोग अपने घरों में शाम को दुबक जाते हैं। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अरंद गॉव में एक सप्ताह पूर्व गॉव के पांच बकरियों के छत विक्षत शव पाए गए।बकरियों के पेट फाड़कर आंतें निकली हुई थी।बहुत वीभत्स दृश्य था। जिससे पूरा गाँव सहम गया। और लोग किसी अनजान खतरे से भयभीत रह रहे हैं।लोग अनुमान लगा रहे थे किसी लकड़भग्घे ने जंगल से भटक कर गॉव में घुस आया हो और जानवरों को अपना खुराक बना रहा है। मगर इसी बीच शुक्रवार को दो तेंदुए एक खेत मे टहलते हुए दिख रहे हैं। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से वायरल हो रहा है।जब इसकी सूचना वन विभाग को मिली तो विभाग के लोग उक्त गॉव तत्काल पहुंचे और छानबीन शुरू की ।मगर कोई सुराग नही मिल सका। इस सम्बंध में वन विभाग के आफिसर राकेश कुमार से तेंदुए के वायरल वीडियो के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें तेंदुए दिख रहे हैं।अब यह तेंदुआ यही का है या फिर किसी अन्य जगह का वीडियो है अभी इसकी पुष्टि नही हुई है।वन विभाग की टीम किसी ऐसे फुट मार्क की खोजबीन कर रही है। जिससे जानवर की पहचान हो सके। फिलहाल गॉव वालो में दहशत का माहौल बना हुआ है।लोग अपने मवेशियों और छोटे बच्चों को रात या शाम में घर से बाहर नही निकलने दे रहे हैं।

## जन सुरक्षा कानून के विरोध में ठाणे में सभा

मुंबई। फ्रेंड्स ऑफ डेमोक्रेसी एवं मूलभूत अधिकार संघर्ष समिति के द्वारा महाराष्ट्र सरकार द्वारा हाल ही में पारित जन सुरक्षा कायदा (कानून) के विरोध में सभा का आयोजन रविवार दिनांक 27.7.2025 को सायं 4बजे से टिप टॉप प्लाजा हॉल, ला. ब. शास्त्री मार्ग, मुलुंड चेकनाका के पास, ठाणे प. पर किया गया है। इस सभा की अध्यक्षता पूर्व न्यायाधीश अभय ठिपसे करेंगे। प्रमुख वक्ता के रूप में संजय राऊत (सांसद), जीतेन्द्र आव्हाड (विधायक, पूर्व मंत्री), कुमार केतकर (ज्येष्ठ पत्रकार, पूर्व सांसद) उपस्थित रहेंगे। सभा का आयोजन डॉ. कल्पना हजारे, अभिषेक देशपांडे, छाया थोरात, डॉ. विवेक कोरडे ने किया है। आयोजकों ने सभी संविधान प्रेमियों तथा मूलभूत अधिकारों की रक्षा चाहने वाले सभी नागरिकों से इस सभा में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## 32 वर्षीय युवक ने लगाई फांसी, परिजनों में कोहराम

सिवान (उत्तरशक्ति)। बिहार सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज के थाना क्षेत्र के पोखरा पंचायत के पकवालिया गांव निवासी गौतम यादव के 32 वर्षीय पुत्र अरुण कुमार यादव ने वृहस्पतिवार की रात्रि में पंखे से लटक कर अपनी जान गंवा दी। परिजनों ने घर में पंखा के सहारे रस्सी का फंदा में झूलता देख कोहराम मच गया। पोखरा के मुखिया रत्नेश्वर ने बताया इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सीवान भेज दिया। पोस्टमार्ट के बाद पुलिस शव के अंतिम दाह संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया । परिजनों के साथ ग्रामीणों ने शव का दाह संस्कार स्थानीय मरघट में कर दिया .परिवार में कोहराम को लेकर ग्रामीणों की भीड़ मृतक के दरवाजे पर जुट गई लोग परिजनों को सांत्वना देने में लगे थे। महाराजगंज थाना के एसआई राहुल कुमार घटना के जांच पड़ताल में लग गए हैं .प्रथम दृष्टया ग्रामीणों से जानकारी लेने के बाद पुलिस की शक की सुई प्रेम प्रसंग के तरफ जा रहा है. .पुलिस का मानना हैकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के कारणों का खुलासा हो सकता है। मृतक के पत्नी और बच्चे का रो रो कर बुरा हाल है।

## किआ इंडिया ने 100वां सर्टिफाइड प्री-ओन्ड वाहन आउटलेट खोला

मुंबई। देश की अग्रणी मास-प्रीमियम ऑटोमोबाइल कंपनियों में से एक किआ इंडिया ने अपने 100वें किआ सर्टिफाइड प्री-ओन्ड (सीपीओ)आउटलेट का उद्घाटन कर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने यह मुकाम महज तीन साल से भी कम समय में प्राप्त किया है, जिससे वह भारत में इतनी तेजी से 100 आउटलेट्स वाला प्री-ओन्ड नेटवर्क खड़ा करने वाले सबसे तेज ऑटो ब्रांड्स में शामिल हो गई है। लंबे समय तक भरोसेमंद सेवा देने के अपने वादे के तहत, किआ इंडिया अपने सर्टिफाइड प्री-ओन्ड वाहनों पर 2 साल या 40,000 किलोमीटर तक की वारंटी और 4 मुफ्त पीरियॉडिक मेंटेनेंस सर्विस भी उपलब्ध कराती है। इन्हीं कारणों से किआ का सीपीओ प्रोग्राम भारतीय ऑटो इंडस्ट्री में सबसे भरोसेमंद और ग्राहक-केंद्रित प्री-ओन्ड कार प्रोग्राम्स में गिना जाता है। किआ इंडिया का सीपीओ नेटवर्क अब 70 से अधिक शहरों में फैल चुका है और यह कंपनी के कुल रिटेल नेटवर्क का करीब 60% हिस्सा बन चुका है। यह ग्राहकों के बीच प्रमाणित, उच्च गुणवत्ता वाले प्री-ओन्ड वाहनों की बढ़ती मांग को दर्शाता है। किआ इंडिया के चीफ सेल्स ऑफिसर मिस्टर जूनसू चो ने कहा, भारत में महज तीन वर्षों में हमारे सर्टिफाइड प्री-ओन्ड नेटवर्क का 100 आउटलेट्स तक पहुँचना, किआ ब्रांड पर ग्राहकों के भरोसे का ठोस प्रमाण है। इस छोटी अवधि में ही हमारा सीपीओ व्यवसाय एक रणनीतिक ग्रोथ ड्राइवर बन गया है – जो हमारी बेहतरीन गुणवत्ता, विश्वसनीय सेवा और ग्राहकों के विश्वास के बल पर आगे बढ़ रहा है। हम अपने विशेष डिजाइन-फॉरवर्ड आउटलेट्स और पूरी तरह डिजिटल अनुभव के माध्यम से प्री-ओन्ड कार मार्केट को एक नया रूप दे रहे हैं, ताकि ग्राहकों को वही भरोसा और सुविधा मिले जो वे एक नई किआ कार से अपेक्षा करते हैं। जैसे-जैसे यह नेटवर्क आगे बढ़ेगा, हमारा ध्यान ग्राहकों को केंद्र में रखकर समाधान देने, दीर्घकालिक मूल्य प्रदान करने और आसान स्वामित्व अनुभव सुनिश्चित करने पर बना रहेगा – जो मूवमेंट दैट इंस्पायर्स की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। किआ इंडिया के सीपीओ वाहनों को 175-पॉइंट की सख्त गुणवत्ता जांच से गुजरना होता है। केवल वही गाड़ियाँ सर्टिफाइड की जाती हैं जो 1,00,000 किलोमीटर से कम चली हों और जिनमें कोई ढांचागत क्षति न हो। ये वाहन किआ के असली पार्ट्स से रिफर्बिश किए जाते हैं और प्रमाणित स्वामित्व व सेवा इतिहास के साथ ग्राहकों को उपलब्ध कराए जाते हैं – जिससे उन्हें पूरी पारदर्शिता और भरोसेमंद गुणवत्ता का भरोसा मिलता है। किआ के सीपीओ आउटलेट्स सिर्फ पुरानी गाड़ियों की बिक्री तक सीमित नहीं हैं। यहाँ किसी भी ब्रांड की पुरानी कार को खरीदना, बेचना या एक्सचेंज करना आसान और भरोसेमंद है। पूरा प्रोसेस पूरी तरह डिजिटल है और किआ का उन्नत इवैल्युएशन ऐप तेज, निष्पक्ष और पारदर्शी मूल्यांकन सुनिश्चित करता है। इससे ग्राहकों को तुरंत भुगतान, आसान डॉक्युमेंट ट्रांसफर और कस्टमाइज फाइनेंस विकल्पों के साथ एक सहज और भरोसेमंद एक्सचेंज अनुभव मिलता है।

## पीएनबी ने पूरे भारत में मेगा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया



मुंबई। सार्वजनिक क्षेत्र में भारत के अग्रणी बैंकों में से एक, पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाने एवं जमीनी स्तर पर उद्यमिता को आगे बढ़ाने के अपने संकल्प को मजबूत करते हुए देश भर में 200 से अधिक स्थानों पर 25 जुलाई को मेगा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आउटरीच कार्यक्रम में पीएनबी के शीर्ष नेतृत्व ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिसमें एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र ने लुधियाना में आउटरीच कार्यक्रम का नेतृत्व किया व कार्यपालक निदेशकों और कॉर्पोरेट कार्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर भाग लिया, जो एमएसएमई और ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को उजागर करता है। इन आउटरीच आयोजनों में पीएनबी के विभिन्न व्यावसायिक आउटलेट्स की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिली, जिससे संभावित ऋण लेने वालों के लिए एक सहज अनुभव सुनिश्चित हुआ। समय पर फॉलो-अप और स्वीकृतियोन हेतु ग्राहक डेटा को कैप्चर और ट्रैक करने के लिए सभी स्थानों पर सीआरएम मॉड्यूल से लैस सिस्टम तैनात किए गए थे। पीएनबी एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र ने कहा, एमएसएमई भारत की आर्थिक प्रगति और रोजगार सृजन की रीढ़ हैं। हमारे मेगा आउटरीच कार्यक्रम के साथ, हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक पात्र उद्यमी, व्यापारी और स्व-नियोजित व्यक्ति को समय पर ऋण, अनुकूलित समाधान और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रपट हो । हमने ग्राहक की जरूरतों और उपयुक्तता के अनुरूप बेहतर तालमेल बिठाने के लिए कई एमएसएमई उत्पादों को नया रूप दिया है।

## नवी मुंबई में पुलिस सिपाही की कुचल कर हुई मौत

नवी मुंबई (उत्तरशक्ति)। नवी मुंबई के महापे एमआईडीसी क्षेत्र में एक हाइड्रा चालक ने एक ट्रैफिक कांस्टेबल को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई मृतक कांस्टेबल की पहचान गणेश पाटिल के रूप में हुई है जो सड़क किनारे कार्यरत था। पुलिस के अनुसार हाइड्रा चालक ने गाड़ी को दाएं तरफ मोड़ा तभी सिपाही गणेश पाटिल गाड़ी के नीचे आ गए। चालक ने कहा कि उसने उन्हें देखा नहीं और दुर्घटना होने से पहले वह कुछ नहीं कर सका गंभीर रूप से घायल पुलिस को वाशी महानगरपालिका अस्पताल में ले जाया गया ।लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच कर रही है। इस दुर्घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और भारी वाहनों के संचालन पर सवाल खड़े कर दिए। यह जानकारी शिव प्रकाश मिश्रा ने प्रेस विज्ञाप्ति के माध्यम से दी है।



## साइमुन २०२५ ने रचा इतिहासः २३ देशों और २६ स्कूलों ने एक वैश्विक मंच पर भागीदारी की भुवनेश्वर





मुंबई। भारत के अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों में से एक, साईं इंटरनेशनल एजुकेशन ग्रुप ने अपने प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय राजनयिक सिमुलेशन सम्मेलन रसाईं मॉडल यूनाइटेड नेशंस (साइमुन) के १३वें संस्करण का भव्य आयोजन २५ और २६ जुलाई २०२५ को किया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि कनक वर्धन सिंह देव थे। उपमुख्यमंत्री, कृषि और ऊर्जा विभाग, ओडिशा सरकार। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में २३ देशों और २६ अग्रणी स्कूलों के ७५० से अधिक छात्र प्रतिनिधियों ने भाग लिया। लाइबेरिया, बांग्लादेश, भूटान, मैडागास्कर, ज़िम्बाब्वे, सूडान, इथियोपिया, रवांडा, दक्षिण सूडान, श्रीलंका, केन्या, नेपाल, तंजानिया, नाइजीरिया, सीरिया, युगांडा, पापुआ न्यू गिनी, इस्वातिनी, लेसोथो, जाम्बिया, कैमरून, कतर और भारत। उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव ने साइमुन २०२५ का उद्घाटन करते हुए छात्रों को प्रेरणादायक संबोधन दिया। उन्होंने कहा, जब डॉ. विजय कुमार साहू ने मुझे साई इंटरनेशनल स्कूल की स्थापना के अपने दृष्टिकोण के बारे में बताया, तो मैंने उनसे पूछा, क्या आप इस बारे में निश्चित हैं? यह एक बहुत ही साहसिक और दूरदर्शी विचार था। आज जब मैं यहाँ खड़ा हूँ और देखता हूँ कि साई इंटरनेशनल ने क्या मुकाम हासिल किया है, तो मैं उनके प्रति गहरा सम्मान और प्रशंसा महसूस करता हूँ। मैं डॉ. शिल्पी साहू का आभारी हूँ कि उन्होंने मुझे एक बार फिर इस अद्भुत आयोजन का हिस्सा बनने का अवसर दिया, जो दुनिया भर के प्रतिभाशाली युवा दिमागों को एक मंच पर लाता है। जब मैं अपने नाम के. वी. सिंह देव को देखता हूँ, तो मैं इसे के - कर्म, वी - विश्वास, एस - सेवा और डी - धर्म के रूप में देखता हूँ। यही वो मूल्य हैं जिनसे मैं जीवन जीने की कोशिश करता हूँ। मैंने ओलंपिक और कॉमनवेल्थ जैसे तीन बड़े अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में भाग लिया है, और वहाँ से यह सीखा है कि प्रतिनिधित्व, अनुशासन और वैश्विक जुड़ाव की कितनी शक्ति होती है। मैं सभी प्रतिभागियों से कहना चाहता हूँः आत्मविश्वास से बोलें, अपनी पूरी कोशिश करें, और इस मंच का उपयोग करके एक सोच वाले, ज़िम्मेदार और सहानुभूतिपूर्ण वैश्विक नागरिक बनें।

## भदोहीःदो ट्रको की आमने-सामने टक?कर में चालक और खलासी की मौत

भदोही(उत्तरशक्ति)।जिले के ऊंज थाना क्षेत्र के नवधन गांव के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक ट्रक चालक और खलासी की मौत हो गई। इससे दक्षिणी लेन पर जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से वाहनों को हटाकर जाम खुलवाया। दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।सावन के कारण हाईवे का उत्तरी लेन कावड़ियों के लिए आरक्षित किया गया है। दक्षिणी लेन से वाहनों का आवागमन हो रहा है।बृहस्पतिवार की देर रात विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक आपस में टकरा गए। इसमें चालक इंद्रजीत नट पुत्र महेंद्र नाथ (40) निवासी ग्राम भभौरा चकिया चंदौली तथा खलासी देवेंद्र यादव (45) पुत्र श्याम बिहारी निवासी मंगला विहार कॉलोनी कानपुर की मौत हो गई। एक ट्रक पर बैटरी तो दूसरे में प्याज लदा हुआ था। टक्कर इतनी तेज थी कि एक ट्रक का अगला हिस्सा ही ध्वस्त हो गया। दूसरे ट्रक का चालक और खलासी फरार हो गए। घटना के बाद हाईवे पर जाम लग गया। सूचना पर मौके पर पहुंचकर क्षेत्राधिकार ज्ञानपुर प्रभारी निरीक्षक ऊंज रमाकांत यादव ने जाम को हटाया और दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिए हैं।

